पेज @ 09


मधुर तान पर भवई नृत्य की प्रस्तुति

दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

विधानसभा चुनाव 2023
काउंटडाउन 08 दिन शेष



वर्ष: 2 | अंक: 338 जयपुर, शनिवार, 18 नवंबर, 2023 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष- पंचमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## केंद्रीय गृह मंत्री गहलोत सरकार पर, तो कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव और सीएम बरसे BJP पर

# राजस्थान को कांग्रेस पार्टी का ATM बना दिया: अमित शाह

बेधड़क | जयपुर

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ दल कांग्रेस ने पूरे राजस्थान को पार्टी का एटीएम बना कर रखा है। शाह शुक्रवार को अजमेर जिले के विजयनगर में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि एटीएम में कार्ड डालो तो पैसा निकलता है। इन्होंने पूरे राजस्थान को कांग्रेस पार्टी का एटीएम बना कर रखा है। कांग्रेस पार्टी को जब भी पैसा चाहिए, उनके नेता दिल्ली से आकर कार्ड डालते हैं और पैसा निकाल कर ले जाते हैं।

उन्होंने कहा कि अपराध, तुष्टीकरण और महिलाओं और दलितों के अत्याचार में भी यह राजस्थान पहले नंबर पर रहा है। आज राजस्थान भ्रष्टाचार में नंबर वन है। राजस्थान महिला दुष्कर्म, साइबर क्राइम, बिजली दर, महंगाई के इंडेक्स, पेट्रोल डीजल के दाम, पेपर लीक और मंडी के टैक्स में भी नंबर वन है। उन्होंने कहा, 'अशोक गहलोत की सरकार ने राजस्थान के लोगों का जीना हराम करके रखा है।

यहां अगर कांग्रेस सत्ता में वापस आती है, तो प्रतिबंधित पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया जैसे संगठनों को खुली छूट मिल जाएगी और राजस्थान कभी भी सुरक्षित नहीं रहेगा।' भाजपा नेता ने बाद में नसीराबाद में भी जनसभा की और अजमेर में रोड शो किया।

### राजस्थान में गहलोत सरकार ने तुष्टीकरण की हदें कर लीं पार


अपराधों में राजस्थान देश में पहले नंबर पर

### राम मंदिर की नींव मोदी ने रखी

भाजपा नेता शाह ने कहा, 'कांग्रेस पार्टी ने तुष्टीकरण की इंतेहा कर दी है... इतने सालों से कांग्रेस पार्टी राम मंदिर के मुद्दे को लटका रही थी, अटका रही थी, भटका रही थी। मोदी जी ने राम जन्म भूमि के मुद्दे को समाप्त किया वहां भूमि पूजन करके मंदिर की नींव रखने का काम किया।' उन्होंने आगे कांग्रेस सरकार पर हमला बोलते हुए कहा, 'गहलोत सरकार ने वोट बैंक की राजनीति में राजस्थान में सभी सीमाएं लांघ दी, उदयपुर में कन्हैया लाल की दिन दहाड़े हत्या की और इनके मुंह से एक लफ्ज नहीं निकला।'

### वोट डबल इंजन सरकार के लिए दें

शाह ने कहा कि जब आप वोट डालें तो आप सिर्फ किसी को विधायक बनाने के लिए नहीं, बल्कि मोदी जी के नेतृत्व में डबल इंजन की सरकार बनाने के लिए दें। उन्होंने भ्रष्टाचार के लिए गहलोत सरकार पर हमला करते हुए कहा, "राजस्थान में, आजादी के बाद से कभी उतना भ्रष्टाचार नहीं हुआ, जितना इस सरकार ने पांच साल में किया है।" उन्होंने आरोप लगाया कि 66,000 करोड़ का खनन घोटाला, पट्टों में 1,000 करोड़ का घोटाला, 1,000 करोड़ का राशन घोटाला समेत कई घोटाले हुए। उन्होंने सवाल किया, 'अगर एक साधु को अवैध खनन रोकने के लिए आत्महत्या करनी पड़े, तो क्या यह सरकार राजस्थान का भला कर सकती है?'

### सोनिया गांधी और गहलोत अपने बेटों को लॉन्च करना चाहते हैं

उन्होंने कहा कि सोनिया गांधी, राहुल गांधी को लॉन्च करना चाहती हैं और अशोक गहलोत अपने बेटे वैभव गहलोत को लॉन्च करना चाहते हैं लेकिन उनकी लॉन्चिंग फेल हो गई हैं। उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि सरकार ने देश की रक्षा के लिए काम किया, जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाया, पीएफआई पर प्रतिबंध लगाया।

# राजस्थान में भाजपा बिखरी हुई पार्टी: प्रियंका गांधी

बेधड़क | जयपुर

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने राजस्थान में भाजपा को बिखरी हुई पार्टी बताते हुए कटाक्ष किया कि इसमें राजस्थान के बड़े-बड़े नेताओं को किनारे कर दिया गया है और पीएम मोदी अपने नाम पर वोट मांग रहे हैं। प्रियंका ने कहा, 'भाजपा बिखरी हुई है, वहीं हम एकजुट होकर चुनाव लड़ रहे हैं।'

कांग्रेस महासचिव ने शुक्रवार को सागवाड़ा में कहा, 'आज भाजपा से पूछिए कि मुख्यमंत्री के रूप में उनका चेहरा कौन है? वे इसका भी जवाब नहीं दे सकते। मोदी जी प्रदेश के कोने-कोने में घूम रहे हैं। कभी-कभी लगता है कि वे अपने मुख्यमंत्री का चेहरा ढूंढने निकले हैं।'

प्रियंका ने कहा कि पीएम मोदी को अपने नेताओं पर विश्वास नहीं है, वे अपने नाम पर वोट मांग रहे हैं। लोगों से सोच समझ कर वोट करने की अपील करते हुए प्रियंका ने कहा कि अगर राजनीति में जज्बातों और धर्म का इस्तेमाल हो रहा है, तो आपको सावधान होना पड़ेगा।

### राजनीति में जज्बातों और धर्म का हो रहा इस्तेमाल


सागवाड़ा @ गायत्री पीठ

### अडाणी मुद्दे पर केंद्र को लिया आड़े हाथ

**मंच से गायत्री मंत्र सुनाया:** प्रियंका ने गायत्री मंत्र का भी पाठ किया और कहा कि इसे अपनी दादी इंदिरा गांधी से सीखा और अपने बच्चों को भी सिखाया। इंदिरा जी की शहादत को चालीस साल हो गए, पूरा देश उन्हें याद करता है, क्योंकि उन्होंने देश को एक परिवार के रूप में अपने दिल में रखा।' उन्होंने चित्तौड़गढ़ की सभा में कहा कि राजस्थान में हमारी सरकार ने खूब काम किया है। हम इस काम को रोकना नहीं चाहते। अब प्रदेश सही दिशा में चल रहा है। उन्होंने कहा, 'आज किसान एक दिन में 27 रुपए कमाता है और अडाणी जी 16,000 करोड़ रुपए कमाते हैं।'

### बीजेपी के घोषणा पत्र में कोई दम नहीं: गहलोत

**जयपुर।** सीएम अशोक गहलोत ने शुक्रवार को यहां कहा कि भाजपा के घोषणापत्र से जनता को बहुत ही निराशा हुई है। हमारी जो योजनाएं पहले से ही लागू हैं या हमने लागू करने की गारंटी दी है, उसी को घुमा फिराकर लिखा गया है।' गहलोत ने कहा, 'हमारे दबाव में केंद्र सरकार ने पहले सिलेंडर पर 200 रुपए कम किए। अब ये 450 की बात कर रहे हैं। भाजपा केवल उज्ज्वला वालों तक सीमित है, हम उससे आगे बढ़ गए हैं। हमने नई गारंटी में कहा है कि उज्ज्वला और राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा के अधीन आने वाले परिवारों के 1.05 करोड़ परिवारों को 500 रुपए में सिलेंडर देंगे। गहलोत ने कहा, 'ये तो अभी हमारे पीछे-पीछे चल रहे हैं।'

### चिरंजीवी बंद होगी, OPS का जिक्र नहीं... मंशा साफ

सीएम ने कहा, बीजेपी आयुष्मान योजना लागू करेगी, यानी चिरंजीवी बंद होगी, RGHS बंद होगा। आयुष्मान सिर्फ 5 लाख का बीमा है। इस संकल्प पत्र में OPS का भी जिक्र नहीं है, जो इनकी मंशा को दिखाता है।




सिर ऊँचो थिर डुंगरां, मोटो नहीं गुमान।
सिर ऊँचो राखै सदा, रेती कण रजथान॥

वीरभूमि राजस्थान में यशस्वी प्रधानमंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी जी की
विजय संकल्प
जनसभा

18 नवंबर 2023 शनिवार
भरतपुर - प्रात: 11 बजे
नागौर - दोपहर 2 बजे



आपणो अग्रणी राजस्थान के लिए भाजपा के संकल्प

- गरीब परिवारों को मुफ्त राशन
- प्रदेश का कोई भी परिवार बेघर नहीं रहेगा
- पीएम किसान सम्मान निधि बढ़ाकर ₹12,000
- गेहूं की खरीद ₹2,700 प्रति क्विंटल पर
- ज्वार एवं बाजरा की एमएसपी पर खरीद की व्यवस्था
- एंटी-रोमियो स्क्वॉड का गठन एवं प्रत्येक जिले में महिला थाने
- गरीब महिलाओं को ₹450 में एलपीजी सिलेंडर
- सभी छात्राओं को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा
- 12वीं पास करने वाली मेधावी छात्राओं को स्कूटी और छात्रों को लैपटॉप
- 6 लाख से ज्यादा ग्रामीण महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण
- बालिकाओं के जन्म पर ₹2 लाख का सेविंग बांड
- राजस्थान इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एवं राजस्थान इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस स्थापित करेंगे
- गरीब परिवारों के छात्रों को स्कूल बैग, किताबें एवं यूनिफॉर्म के लिए ₹1,200 की वार्षिक सहायता
- वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों की पेंशन बढ़ाकर ₹1,500 प्रति माह
- 24x7 बिजली एवं जल जीवन मिशन से सभी घरों में पेयजल
- 15,000 डॉक्टर एवं 20,000 पैरा-मेडिकल स्टाफ की नई नियुक्ति
- युवाओं को 2.5 लाख सरकारी नौकरियां
- पेपर लीक मामलों की त्वरित जांच के लिए एसआईटी का गठन
- कांग्रेस-राज में किसानों की नीलाम जमीनों का उचित मुआवजा देने के लिए मुआवजा नीति
- अगले 5 वर्षों में राजस्थान को 350 बिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने के लिए प्रतिबद्ध
- आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का मासिक मानदेय बढ़ाएंगे
- 50 लाख युवाओं को रोजगार या स्वरोजगार

प्रधानमंत्री मोदी जी से WhatsApp के जरिए सीधे जुड़ने के लिए QR कोड स्कैन करें

जन-जन की पुकार, आ रही है भाजपा सरकार
कमल का बटन दबाएं, भाजपा को जिताएं
भाजपा, राजस्थान

प्रधानमंत्री जी की जनसभा LIVE देखने के लिए QR कोड स्कैन करें

## जरूरी खबर

### भाजपा सरकार आने पर राजस्थान बनेगा ग्रोथ इंजन



**बेधड़क,जयपुर।** केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने शुक्रवार को लूणी में भाजपा प्रत्याशी जोगाराम पटेल के समर्थन में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने कहा कि राजस्थान में पानी, बिजली और खनन सहित सभी प्रकार के संसाधन मौजूद हैं लेकिन कांग्रेस सरकार ने इनका समुचित उपयोग नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि इस बार चुनाव में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनेगी और राजस्थान देश का ग्रोथ इंजन बनेगा।

### गुप्ता 'चुनाव आयुक्त ऑफ द ईयर' से सम्मानित

**बेधड़क, जयपुर।** राज्य चुनाव आयुक्त डॉ. मधुकर गुप्ता को पुर्तगाल के लिस्बन में आयोजित 19वें अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस में प्रतिष्ठित पुरस्कार चुनाव आयुक्त ऑफ द ईयर से सम्मानित किया गया। पुर्तगाल की संसद के अध्यक्ष ऑगस्टो सैंटोस सिल्वा की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में डॉ. गुप्ता को यह सम्मान दिया गया है। गौरतलब है कि पुर्तगाल के लिस्बन में आयोजित 19वें अंतरराष्ट्रीय चुनावी मामलों की कॉन्फ्रेंस और पुरस्कार समारोह ने वैश्विक नेताओं के बीच सहयोग को बढ़ावा देने और अंतर्दृष्टि साझा करने के लिए एक गतिशील मंच के रूप में कार्य किया है।

### टनकपुर-खातीपुरा और साबरमती से चलेगी स्पेशल ट्रेन



**बेधड़क, जयपुर।** रेलवे की ओर त्यौहारों के अवसर पर यात्रियों की सुविधा के लिए दो गाड़ियों की शुरुआत की जाएगी। रेलवे टनकपुर -खातीपुरा त्रि-साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा और नई दिल्ली-साबरमती स्पेशल रेलसेवा का संचालन करेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी 05097, टनकपुर-खातीपुरा त्रि-साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा 20 नवंबर से 1 दिसंबर तक टनकपुर से प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार शाम 6.25 बजे रवाना होकर अगले दिन 10.20 बजे खातीपुरा पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 05098, खातीपुरा (जयपुर)-टनकपुर त्रि-साप्ताहिक स्पेशल रेलसेवा दिनांक 21 नवंबर से 2 दिसंबर तक खातीपुरा से प्रत्येक मंगलवार, गुरूवार व शनिवार को शाम 6.30 बजे रवाना होकर अगले दिन 9.35 पर टनकपुर पहुंचेगी।

---

**विधानसभा चुनाव 2023: पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने भाजपा पर किया वार**

# बीजेपी के पास सीएम फेस नहीं, जो हैं वो केंद्र को पसंद नहीं

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान में विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच आज पीसीसी में कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने भाजपा पर जमकर वार किए। आनंद शर्मा ने कहा प्रदेश में भाजपा के पास सीएम फेस नहीं हैं और जो हैं वो केंद्रीय नेतृत्व को पसंद नहीं है।

भाजपा का नेतृत्व कौन करेगा जनता को इसकी जानकारी नहीं है। भाजपा की सरकार नहीं बन रही, यही सोचकर उन्होंने किसी का नेतृत्व के लिए चेहरा आगे नहीं किया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के समय हर दल को अपनी बात कहने का अधिकार है। तीखी बातें कांग्रेस विरोधियों द्वारा कही जा रही हैं और यह सिलसिला पूरे चुनाव जारी रहेगा। ऐसा भाजपा की मानसिकता से प्रतीत हो रहा है। उन्होंने कहाकि हर दल को जनता के समक्ष अपने कार्य गिनाने का अधिकार है। अपनी नीतियां जनता तक पहुंचानी चाहिए।

#### पीएम की कथनी और करनी में अंतर

पूर्व केंद्रीय मंत्री आनंद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के नेता हैं। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी को अधिकार है कि वो भाजपा के पक्ष में प्रचार करें, लेकिन हर जगह जिम्मेदारी स्वयं लेना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि उन्हें पहले देश को संभालना चाहिए, बाद में राज्यों की जिम्मेदारी लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2014 से पहले किए गए वादे ही पूर्ण नहीं हुआ, किन्तु प्रधानमंत्री अब विधायक के लिए वोट मांगते हुए उसकी जिम्मेदारी ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि क्या प्रधानमंत्री विधायक और मुख्यमंत्री का भी काम करेंगे? उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जो जुमले दिए थे, 15 लाख रुपए देने का, दो करोड़ युवाओं को प्रतिवर्ष रोजगार देने का वादा किया था, यदि पूर्ण किया होता तो आज भारत दुनिया का दूसरा विशाल देश होता। प्रधानमंत्री की कथनी और करनी में अंतर है, यह समझना जरूरी है। कुछ लोग काम करते हैं और कुछ लोग प्रचार करते हैं। पिछले 5 साल में जो कांग्रेस सरकार ने काम किए हैं उनमें प्रमुख रूप से महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देना, घरेलू उपभोक्ताओं को 100 यूनिट बिजली फ्री देना, किसानों को 2000 यूनिट प्रतिमाह बिजली फ्री देना, एक हजार रुपए पेंशन देने जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए हैं।



#### संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा

शर्मा ने कहा कि राजनीति में विचारधारा को लेकर मतभेद हो सकते हैं, विरोध हो सकते हैं, क्योंकि अलग-अलग विचार नहीं होंगे तो प्रजातंत्र प्रणाली कैसे चलेगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन में समस्त संवैधानिक संस्थाओं पर भाजपा ने कब्जा कर लिया है और उनका दुरुपयोग किया जा रहा है, चुनाव के वक्त आरोप-प्रत्यारोप लगाकर एजेंसियों को सक्रिय किया जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री जिन विपक्षी नेताओं पर गंभीर आरोप लगाते थे, एजेंसियों की कार्यवाही होती थी, उनके भाजपा में शामिल होते ही सभी आरोप समाप्त हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा ने एक नेशनल लॉनड्रेट पॉलिसी अपनाते हुए कार्य किया है। प्रधानमंत्री सहित भाजपा नेताओं ने जिन विपक्षी नेताओं पर गंभीर आरोप लगाए, वे भाजपा में शामिल होते ही साधु-संतों की तरह पाक साफ हो गए। उन्होंने कहा कि दुखी करने वाला विषय है, किन्तु सत्य है कि प्रजातंत्र में धमकी नहीं दी जाती है, जो जितने बड़े पद पर हो उसे उतना ही शालीन होना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का यह कथन कि वोटिंग मशीन का बटन ऐसे दबाओ कि सामने वाले को फांसी हो जाए, अनुचित है, यह कथन खेद व्यक्त करते हुए वापस लेना चाहिए क्योंकि यह अच्छी परम्परा नहीं है।

---

**चुनावी माहौल चरम पर: पार्टियों के स्टार प्रचारक उतरे मैदान में**

# चुनाव प्रचार में झोंक रहे ताकत जन समर्थन जुटाने की कवायद

■ BJP नेता हिमंत बिस्वा ने खंडेला, रींगस व चौमूं में की सभा, धौलपुर में गरजीं मायावती

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में चुनाव प्रचार के अंतिम सप्ताह में राजनीतिक पार्टियां पूरी ताकत झोंक रही है। भाजपा-कांग्रेस सहित अन्य पार्टियों के बड़े नेता लगातार प्रदेश में जनसभाएं कर रहे हैं। इसके साथ ही हर कोई जनमानस का ध्यान अपनी ओर करने में जुटा हुआ है। पार्टी का प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए ऐडी से चोटी तक का जोर लगाया जा रहा है।

पार्टियों के स्टार प्रचारक जनमत को अपने साथ करने की कवायद में लगे हुए हैं। सभा और रोड शो के जरिए बड़े नेता भी आमजन के बीच जाकर विजयश्री का आशीर्वाद मांग रहे हैं। आमजन का वोट पाने के लिए नेता अपने भाषणों में लोक लुभावन घोषणाएं भी कर रहे है। शुक्रवार को भाजपा नेता व असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा और बसपा सुप्रीमो मायावती ने प्रदेश में कई जगहों पर जनसभा की। असम सीएम ने रींगस, खंडेला और चौमू में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने राम मंदिर निर्माण, धारा 370 को हटाने का काम किया और पूरे देश में कहीं भी किसी प्रकार का कोई हल्ला नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि इनके शासन में सर तन से जुदा होने के नारे लगाकर हिंदुत्व को चैलेंज करने का काम किया जाता है। इस पर इनके आला कमान राहुल गांधी और प्रियंका गांधी एक शब्द भी नहीं बोलते है और अगर भाजपा शासित राज्यों में इस तरह की घटना घटित होती तो अगले पांच मिनट में ही हिसाब बराबर कर देते।



#### विधायकों को दिया लूट का लाइसेंस

वहीं सीकर के खंडेला में सभा को संबोधित करते असम सीएम हिमंत बिस्वा ने कहा कि सीएम अशोक गहलोत ने अपने विधायकों को राजस्थान के लोगों को लूटने का लाइसेंस दे रखा है। सचिन पायलट के विरोध के बाद जिन विधायकों ने उनका समर्थन किया, उन विधायकों लूट मचाने की खुली छूट सिर्फ इसलिए दे दी गई, ताकि गहलोत सीएम बने रहें। ऐसे नेता की राजस्थान और देश को जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा राज में आपके क्षेत्र में ऐसा काम होगा कि अगली बार आप लोग खुद बिना कहे ही भाजपा को वोट देंगे।

#### बसपा के बिना कांग्रेस और भाजपा नहीं बना सकती सरकार



बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशियों के समर्थन में सभा करने धौलपुर पहुंची पार्टी प्रमुख मायावती ने कांग्रेस एवं भाजपा पर पर निशाना साधा। उन्होंने बिना नाम लिए राहुल गांधी पर भी दलित एवं पिछड़े वर्ग की जनगणना को लेकर उठ रही आवाज को लेकर निशाना साधा। वहीं लाल डायरी का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर भी हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस बीजेपी समेत सभी विरोधी दलों ने गलत नीतियों को अपनाकर राजस्थान का नुकसान किया है। इन नीतियों की वजह से ही देश में बेरोजगारी बढ़ रही है। बहुजन समाज पार्टी ने हमेशा गरीब एवं दबे, पिछड़े लोगों का साथ दिया है। धन्ना सेठों के बल पर बहुजन समाज पार्टी ने कभी भी सरकार नहीं बनाई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और भाजपा देश के किसी भी प्रदेश में बिना बहुजन समाज पार्टी के सहयोग के सरकार नहीं बना सकते हैं।

---

**प्रियंका व गहलोत ने किया संबोधित**

## 22 विधानसभा क्षेत्रों में पहुंची गारंटी यात्रा

**बेधड़क** | जयपुर



कांग्रेस की गारंटी यात्रा शुक्रवार को सातों संभागों के 22 विधानसभाओ में पहुंची। जहां पर 29 गारंटी संवाद कार्यक्रम आयोजित हुए। इस दौरान प्रियंका गांधी, सीएम गहलोत समेत कई नेताओं ने सभा को संबोधित किया। गारंटी यात्रा जयपुर, बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर, भरतपुर, अजमेर तथा कोटा से शुरू हुई। इस दौरान गारंटी यात्रा को बड़े नेताओं के साथ स्थानीय नेताओं ने संबोधित किया। गारंटी यात्रा ने दौसा, सिकराय, बांदीकुई, राजगढ़-लक्ष्मणगढ़, लाडनूं, जायल, चुरू, सरदारशहर, लूणकरणशहर, सांचौर, रानीवाड़ा, भीनमाल, सागवाड़ा, चित्तौड़गढ़, उदयपुर, उदयपुर ग्रामीण, कामां, नदबई, नगर,नदबई, अंता, किशनगंज, बांरा अटरू विधानसभा में प्रत्याशियों के लिए प्रचार प्रसार किया गया। इस बीच सागवाड़ा तथा चितौड़गढ़ से प्रियंका गांधी, सीएम गहलोत समेत कई नेताओं ने जनता को संबोधित किया।

## सांगानेर के कांग्रेसी कार्यकर्ता भारतीय जनता पार्टी में शामिल

**जयपुर।** सांगानेर विधानसभा प्रत्याशी और भाजपा प्रदेश महामंत्री भजन लाल शर्मा का सांगानेर विधानसभा में जनसंपर्क लगातार जारी है। सांगानेर की जनता में जबरदस्त उत्साह है।

भजनलाल को लगातार जनता द्वारा आश्वस्त किया जा रहा है कि 25 तारीख को अधिक से अधिक मतदान करेंगे और कमल के फूल को विजयी बनाएंगे। भजन लाल शर्मा ने कहा पिछले 5 वर्षों का कांग्रेस का कार्य और पिछले 9 वर्षों का मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का कार्य निश्चित ही अब जनता ने तुलनात्मक अध्ययन कर लिया है। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में राजेंद्र सिंह चौहान, मुकेश गुर्जर, हरि कसाना, छोटूराम योगी, श्याम बिहारी जागा, अजय सिंह, देवेंद्र सिंह, धीरज चौधरी, जितेंद्र सिकरवार, अजीत सिंह, राकेश वर्मा, मानसिंह भाटी, अनिल, राजेंद्र शर्मा, हितेश, ब्रजमोहन, रूपनारायण यादव, अनिल मंडल, गोविंद तंवर किशन शामिल रहे।

---

**कांग्रेस प्रत्याशी ने ली युवा कार्यकर्ताओं की मीटिंग**

## विधायक बनने के बाद सांगानेर में विकास को लगेंगे पंख: भारद्वाज

**बेधड़क** | जयपुर

सांगानेर से कांग्रेस प्रत्याशी पुष्पेन्द्र भारद्वाज ने शुक्रवार को मानसरोवर स्थित एक गार्डन में युवा कार्यकर्ताओं की मीटिंग ली। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से घर-घर जाने की अपील की।

साथ ही सांगानेर विधानसभा में 5 साल के कार्यों के बारे में लोगों के बीच प्रचार-प्रसार करने को कहा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के आशीर्वाद से मैंने सांगानेर में विकास के कई कार्य कराए। उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों के चलते जनता का रुझान इस बार कांग्रेस की तरफ है।



इसलिए अब भाजपा प्रत्याशी भी विकास की गंगा बहाने के बड़े-बड़े वादे कर रहे हैं।

भारद्वाज ने कटाक्ष करते हुए कहा कि यदि भाजपा की नियत विकास कार्य करने की होती, जनता ने उन्हें 20 साल से अधिक का समय दिया था। लेकिन, हर बार जनता को ठगने के अलावा इन्होंने कुछ नहीं किया। इन चुनावों में अपनी हार सामने देख भाजपा प्रत्याशी वादे कर जनता को फिर ठगने का नाकाम प्रयास कर रहे हैं। क्योंकि जनता पिछले 20 साल में उनका दोहरा चेहरा और चरित्र जान चुकी है।

---

**होम वोटिंग में 1 हजार 863 वोटर्स ने किया मतदान**

## चुनाव में लगे कार्मिकों ने भी डाला वोट

**बेधड़क** | जयपुर

विधानसभा चुनावों में वोटिंग का सबको अवसर देने के लिए निर्वाचन विभाग की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। इसके तहत जहां शुक्रवार को होम वोटिंग की प्रक्रिया चौथे दिन भी जारी रही। वहीं चुनाव में लगे मतदान कार्मिकों के लिए सर्विस वोटिंग की भी शुरुआत हुई। जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश राजपुरोहित ने बताया कि 14 नवंबर से शुरू हुई होम वोटिंग के तहत विगत 4 दिनों में कुल 6 हजार 12 मतदाताओं ने घर से ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। शुक्रवार को होम वोटिंग के लिए कुल 1 हजार 927 मतदाताओं में से 1 हजार 863 मतदाताओं ने मतदान किया। होम वोटिंग के चौथे दिन कोटपूतली विधानसभा क्षेत्र में 116, विराटनगर विधानसभा क्षेत्र में 44, चौमूं विधानसभा क्षेत्र में 36, फुलेरा विधानसभा क्षेत्र में 74, दूदू विधानसभा क्षेत्र में 129, झोटवाड़ा विधानसभा क्षेत्र में 138, जमवारागढ़ विधानसभा क्षेत्र में 100, हवामहल विधानसभा क्षेत्र में 103 एवं विद्याधर नगर विधानसभा क्षेत्र में 120 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। वहीं, सिविल लाइंस विधानसभा क्षेत्र में 206, किशनपोल विधानसभा क्षेत्र में 99, आदर्श नगर विधानसभा क्षेत्र में 87, मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र में 139, सांगानेर में 117, बगरू में 164, बस्सी में 61, चाकसू में 130 मतदाताओं ने घर से ही मतदान सुविधा का लाभ उठाया।



इसके अलावा विधानसभा आम चुनाव की ड्यूटी में लगे कार्मिकों, पुलिस अधिकारियों आदि के लिए डाक मतपत्र से मतदान की प्रक्रिया शुक्रवार को शुरू हो गई।

इसके तहत जयपुर शहर में बनाए गए प्रशिक्षण केन्द्र पटेल भवन, नेहरू भवन, इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान, महाराजा संस्कृत कॉलेज पोद्दार इंस्टिट्यूट, जवाहर कला केन्द्र, खेतान कॉलेज, कृषि संस्थान दुर्गापुरा, बिरला ऑडिटोरियम एवं कानोडिया कॉलेज में चुनाव कार्मिकों ने प्रशिक्षण के साथ अपने वोट डाले।

---

**प्रदेश को जल्द मिलेंगे 3 ग्रीन फील्ड हाईवे**

# विकास के लिए डबल इंजन की सरकार का होना जरूरी: नितिन गडकरी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में चुनाव नजदीक आते ही पार्टियां का चुनाव प्रचार जोर पकड़ने लगा है। बड़े नेताओं का सूबे में जमावड़ा लगा है। इसी क्रम में शुक्रवार को जयपुर में बीजेपी के मीडिया सेंटर में केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने एक प्रेस वार्ता की। इसमें गडकरी ने सड़क विकास से लेकर केंद्र सरकार के अन्य काम गिनाए।

गडकरी ने कहा कि केंद्र सरकार ने राजस्थान में 2 लाख करोड़ रुपए के काम करवाए हैं और आने वाले समय में 1 लाख करोड़ के विकास कार्य करवाए जाने की योजना है।



गडकरी ने कहा कि सुशासन और विकास गुड गवर्नेंस से होता है और हम सेवा ही संकल्प के उद्देश्य के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

विकास के लिए डबल इंजन की सरकार का होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि हम आर्थिक रूप से अभी 5वें नंबर पर हैं और तीसरे स्थान पर आकर हम मजबूत अर्थव्यवस्था बनना चाहते हैं। नितिन गडकरी ने कहा कि हम राजस्थान को जल्द ही तीन ग्रीन फील्ड हाईवे देने जा रहे हैं।

जहां बांदीकुई से जयपुर फोरलेन हाईवे का काम शुरू हो गया है।

#### प्रदेश में सड़कों के लिए एक लाख करोड़ और देंगे

गडकरी ने बताया कि राजस्थान से अंबाला-चंडीगढ़ के लिए पर्यटन स्थलों को जोड़ने के लिए भी सड़कें बनवाई जा रही है जहां राजस्थान में पहले भी सड़कों का जाल बिछाने का काम केंद्र सरकार ने किया है और अभी 2 लाख करोड़ के काम चल रहे हैं। मंत्री ने बताया कि आने वाले समय में राजस्थान की जनता के लिए हम एक लाख करोड़ के काम और करेंगे।

#### पानी की समस्या दूर करने पर फोकस

गडकरी ने कहा कि राजस्थान में काफी समय से पानी की बड़ी समस्या है जिसके चलते यहां से लोगों का पलायन भी हुआ है। उन्होंने बताया कि पानी की समस्या को दूर करने के लिए हमारी सरकार ने लखवाड़ परियोजना के तहत पानी देने का काम किया, रेणुका बांध परियोजना 2019 में चलाई। इसके अलावा केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी कई योजनाओं को धरातल पर उतारा है।

#### भारत अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर 5वां बड़ा देश

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी का सपना है कि हमारा भारत विश्व गुरु बने। अभी हम दुनिया में आर्थिक ताकत के रूप में उभरकर सामने आए हैं। भारत अर्थव्यवस्था के मोर्चे पर पांचवां बड़ा देश बना है। इसी रफ्तार से हम आगे चलकर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेंगे। वहीं, 5 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी के लक्ष्य को लेकर हम काम कर रहे हैं।

#### हमने 23 नए मेडिकल कॉलेज खोले

उन्होंने कहा कि कि राजस्थान में हमने 23 नए मेडिकल कॉलेज खोले हैं। जो स्वास्थ्य की दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। हमने देशभर में 10 करोड़ से अधिक माता बहनों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिए हैं। इसमें से राजस्थान के 70 लाख से अधिक परिवारों के पास गैस कनेक्शन पहुंचे।

#### 65 किलोमीटर के एरिया में टोल नहीं होगा

र नितिन गडकरी ने कहा कि टोल कभी खत्म नहीं होंगे दुर्भाग्यवश इसका जन्मदाता में हूं। यह मजबूरी में आया है। सरकार के पास रिसोर्सेस कम है। यदि आप अच्छी सुविधा प्राप्त करना चाहते हैं तो पे तो करना ही पड़ेगा। अब 65 किलोमीटर के एरिया में टोल नहीं होगा। लोगों की तकलीफें कम होंगी। हेलीपैड और अन्य सुविधाएं बना रहे तो उसे पर भी काफी पैसा लगेगा। दुनिया के किसी भी देश में जाए हाईवे पर टोल देना पड़ेगा। रोड सेफ्टी को लेकर अभी तक हमने बहुत कोशिश करने के बाद भी सफलता नहीं मिली यह दुर्भाग्य वश है।

दैनिक हिन्दी अख़बार

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

# सच बेधड़क

वर्ष: 2 | अंक: 338 जयपुर, शनिवार, 18 नवंबर, 2023 | कार्तिक, शुक्ल पक्ष- पंचमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00





मेरे एक वोट की ताकत देखो

मेरे एक वोट से मेरा सिलिंडर अब सिर्फ़ 500 में भरता है। मैं कहती हूँ कांग्रेस फिर से !

आपको भी 500 में सिलिंडर चाहिए तो मिस्ड कॉल दे कर अभी रजिस्टर करें 8587070707

आप भी 25 नवंबर को हाथ का बटन दबाकर कांग्रेस को वोट दें।


आईसीसी विश्वकप-2023

## हम जीतेंगे वर्ल्ड कप... क्योंकि हमारे पास रोहित

विनायक शर्मा



भारतीय मूल के इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने हमारी सेमीज़ में कीवियों पर जीत के बाद कहा था- अब देश-विदेश का तमाम मीडिया विराट के 50 शतकों की बात करेगा, शमी के 7 विकेट की जमकर बात करेगा, और तो और श्रेयस के धुआंधार शतक पर भी कुछ पैरे लिखेगा, जो लाजिमी भी है। लेकिन, इस मीडिया जश्न में वह 'मलंग इंसान' छूट जाएगा, जिसने टीम इंडिया का ट्रांसफॉर्मेशन कर दिया, जीत की कहानियां लिखीं, इन लोगों के शतकों का आधार दिया, वह है टीम इंडिया का कप्तान रोहित शर्मा। नासिर हुसैन का मानना है कि वह जिस तरह से छक्के मारता है, न तो गेल, न रिचर्ड्स को और ना ही क्लाइव लायड को उतने आराम से फ्रंट फुट पर सिर्फ रिस्ट मूवमेंट से बॉल को 90-100 मीटर दूर तक भेजते देखा है, वह मेरी नजर में निर्विवाद रूप से इस इरा का सबसे बेहतरीन बैटर है।

नासिर की बात से न सिर्फ माइकल वॉन सहित तमाम अंग्रेज क्रिकेटर, बल्कि वसीम अकरम, शोएब मलिक, माइकल वॉन, मैथ्यू हेडन, रिकी पोंटिंग, इंजमामुल हक और लारा जैसे अपने वक्त के महान क्रिकेटर भी इत्तेफाक रखते हैं।

महानता की बात आई तो सचिन तेंदुलकर का नाम तो सबसे पहले जेहन में आना ही है। उन्होंने भी एक तरह से नासिर की-सी ही बात कही थी, अंबानी की पार्टी में, कि मेरे रिकॉर्ड दुनिया में कोई तोड़ सकता है, तो इंडियन ही, वह भी विराट कोहली और रोहित शर्मा। अब उनका एक रिकॉर्ड 49 वनडे शतक वाला, तोड़ने वाले मॉडर्न ब्लास्टर विराट कोहली कहते हैं, हम जब युवा थे, बड़े खिलाड़ी कहते थे- एक युवा आ रहा है मुंबई से, उसकी बैटिंग देखना। तब मैं सोचता था कि हम भी युवा हैं यार, फिर ऐसा कौन है? जब वह बैटर आया, उसकी बैटिंग देखी तो हमारी आंखें खुली रह गईं, वाकई वह बॉल को बाउंड्री से बाहर बिना ताकत लगाए ऐसे भेज रहा था, मानो टेनिस बॉल को मार रहा हो।

एशिया के ही तीसरे महान दखिलाड़ी शोएब अख्तर ने 2012-13 ने रोहित की बैटिंग देखकर कहा था कि वाह! क्या बैटिंग है भई! इस लड़के को आप बैट नहीं टूथ पिक दे दो, यह उससे भी आपको अपनी कलात्मक शॉट लगाकर बाउंड्री के बाहर पहुंचा देगा। इससे बड़ी तारीफ तो उन्होंने जावेद मियांदाद, जहीर अब्बास, इंजमाम तक की कभी नहीं की। यहां तक कि राहुल द्रविड़ की भी, जिसे वह सबसे टफ बैटर मानता है।

रिकॉर्ड की बात करें, तो इस 36 साल के बैटर कप्तान रोहित किसी से पीछे नहीं हैं। उनके नाम वनडे का सबसे बड़े दोहरे शतक 173 बॉल में 264 रन के साथ ही 3 दोहरे शतक, एक वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा 5 शतक (2019), एक टेस्ट में सर्वाधिक 13 छक्के के साथ ही एक वर्ल्ड कप (2023) में गेल का 2015 का 26 छक्कों का रिकॉर्ड तोड़ते हुए सर्वाधिक 28 छक्के लगाने का रिकॉर्ड भी है। यही नहीं, रोहित ने विश्वकप मैचों में 50 छक्के ठोक बिग मैन क्रिस गेल के 49 छक्कों के रिकॉर्ड को बाउंड्री के पार भेज दिया है।

यह तो हुई बैटिंग की बात, कप्तानी भी ऐसी कि अब तक के सभी 10 मैचों में हर टीम को वक्त पर अपनी बॉलिंग चेंज, हर बैटर के लिए प्लांड फिल्ड प्लेसमेंट, बुरे पलों में टीम में उत्साह भरने का जज्बा देख तमाम विशेषज्ञ उनके कायल हो चुके हैं। उन्हें सर्वश्रेष्ठ कप्तान आंक रहे हैं। ऐसे में यह कहें कि हम विश्वकप जीतेंगे, क्योंकि हमारे पास रोहित है, तो अतिशयोक्ति नहीं होगी।

स्थापना दिवस आज... शहर में होंगे कई आयोजन

# 296 बरस का हुआ जयपुर छू रहा विकास के नए आयाम

बेधड़क | जयपुर

गुलाबी नगरी के नाम से प्रसिद्ध जयपुर शहर सोमवार को 292 साल का हो गया। जयपुर के पूर्व महाराजा सवाई जय सिंह द्वितीय ने 18 नवंबर, 1727 को जयपुर शहर की नगर नियोजन को ध्यान में रखकर स्थापना की थी। बसाने के लिए प्रसिद्ध वास्तुकार विद्याधर को जिम्मेदारी भी दी गई थी।

गुलाबी रंग में रंगे इस शहर को इसी साल यूनेस्को की विश्व धरोहर सूची में शामिल किया गया है। स्थापना के समय जयपुर को दो लाख की आबादी के लिए बसाया गया था, लेकिन आज शहर करीब 70 लाख की आबादी के साथ देश के मेट्रो सिटीज में शामिल होने जा रहा है।

इतिहासकारों के अनुसार जयपुर को बसाने के दौरान शहर के चारों ओर एक चारदीवारी बनाई गई थी, जिसमें प्रवेश के लिए सात दरवाजे थे। अब भी चारदीवारी में बसा शहर परकोटा और चारदीवारी ही कहलाता है। जयपुर के वास्तु के बारे में कहा जाता है कि शहर को सूत से नाप लीजिये, नाप-जोख में एक बाल के बराबर भी फर्क नहीं मिल सकता है। शहर के बिल्कुल मध्य में तीन चौपड़ हैं। इनमें छोटी चौपड़, बड़ चौपड़ और रामगंज चौपड़ शामिल हैं। सरकार ने प्रदेश में 19 नए जिले बनाने की घोषणा की थी, जिसमें जयपुर को दक्षिण और उत्तर में बांटने की बात कही। लोगों ने इसका खुलकर विरोध किया, जिसके फलस्वरूप सरकार को झुकना पड़ा।



फोटो: राजेश कुमावत

### ये सुविधाएं बना रही शहर को महानगर

शहर में कई बड़ी योजनाएं और प्रोजेक्ट भी आए, जिससे शहर की बसावट अपनी सुंदरता के साथ बढ़ती गई। आज जयपुर महानगरों की श्रेणी में खड़ा हो गया है। कई ऐसे बड़े प्रोजेक्ट हैं, जो शहर के साथ प्रदेश के विकास में भी बढोत्तरी कर रहे हैं। मेट्रो से यातायात सुगम हो रहा है। मानसरोवर से चांदपोल तक और वहां से बड़ी चोपड़ तक मेट्रो पहुंच चुकी है। शहर के पूर्वी भाग को जोड़ने के लिए घाट की गुणी में सुरंग बनाई गई। टनल के बनने से आगरा रोड के लिए शहर आने के लिए सुविधा मिली। दिल्ली की तर्ज पर बने रिंग रोड शहर से प्रदेश के बाकी शहरों का सीधा जुड़ाव जयपुर से हो गया। शहर को जाम से बचाने के लिए रामनिवास बाग में दो मंजिला भूमिगत पार्किंग बनाई गई है, जिसमें 1530 चार पहिया वाहन एक साथ खड़े हो सकते हैं। वहीं, सामोद और खोले के हनुमानजी में रोप वे के संचालन से लोग पहाडी में स्थित मंदिरों में दर्शन कर रहे हैं। तीसरे रोप वे का गढ़ गणेश मंदिर पर निर्माण कार्य जारी है। इनके अलावा भी शूटिंग रेंज, झालाना पेंथर अभ्यारण, टर्मिनल एयरपोर्ट, बड़े शिक्षण संस्थान आदि कई सुविधाएं शहर ही नहीं प्रदेश के लोगों को भी राहत दे रही है। वहीं, प्रदेश के सबसे बड़े एसएमएस अस्पताल में भी आईपीडी टॉवर का भी निर्माण कार्य जारी है। जयपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड की ओर से शनिवार को जयपुर के 296 वें स्थापना दिवस पर साइकलिस्थान आयोजितकी जाएगी। जयपुर स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेन्द्र सिंह शेखावत ने बताया कि इस अवसर पर शहर के लगभग 200 साइकिल सवार नागरिक स्मार्ट सिटी के कार्यालय से प्रातः 6:30 बजे रवाना होंगे।ग्रेटर निगम की ओर से भी जयपुर स्थापना दिवस के अवसर पर मोती डूंगरी और गोविंद देव जी मंदिर में विशेष पूजन किया जाएगा। इसके साथ ही गंगापोल गेट स्थित गणेश मंदिर में भी पूजन होगा। साथ ही स्टेच्यू सर्किल स्थित सवाई जयसिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की जाएगी।

मालवीय नगर सेक्टर 5 के लोगों ने ज्ञापन दिया

## चूहों ने खोखली की पार्क की बाउंड्री

बेधड़क | जयपुर

मालवीय नगर सेक्टर 5 में सामुदायिक केंद्र के पास स्थित नगर निगम के पार्क में व्याप्त अव्यवस्थाओं को लेकर स्थानीय नागरिकों ने शुक्रवार नगर निगम ग्रेटर आयुक्त को ज्ञापन भेजा है। सुरक्षा एवं जनकल्याण समिति, सेक्टर-5, मालवीय नगर के अध्यक्ष गुलाब बत्रा ने बताया कि नगर निगम की ओर से विकसित किया गया पार्क चूहाघर बन चुका है। पार्क की बाउंड्रीवॉल व जमीन को चूहों ने खोखला कर दिया है।

फव्वारा दो साल से बंद पड़ा है। बत्रा ने बताया कि फव्वारे का विद्युत पैनल और टयूबवैल मीटर का पैनल लगभग जमीन छूता हुआ है, जिससे बच्चे दुर्घटनाग्रस्त हो सकते हैं। पार्क में लगे पुराने टूटे-फूटे जिम उपकरण भी दुर्घटनाओं को न्यौता दे रहे हैं।

बत्रा ने बताया कि इन समस्याओं के बारे में निगम प्रशासन व स्थानीय पार्षद को बार-बार शिकायत के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही।

## RAS भर्ती 2021 का अंतिम परिणाम जारी

**जयपुर।** आरपीएससी ने शुक्रवार देर रात आरएएस भर्ती परीक्षा 2021 का अंतिम परिणाम जारी कर दिया। कुल 988 पदों की इस भर्ती का परिणाम जारी किया गया है। परिणाम में पहले व दूसरे स्थान पर श्रीगंगानगर के क्रमशः विक्रांत शर्मा और प्रियंका बजाज अभ्यर्थियों ने बाजी मारी है, जबकि तीसरे स्थान पर हनुमानगढ़ के किरण पाल रहे।

कांग्रेस-भाजपा के लिए सिरदर्द


# अघोषित तीसरा मोर्चा कई सीटों पर बिगाड़ेगा गणित

बेधड़क | जयपुर

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस एवं भाजपा के की सीधी टक्कर में अघोषित तीसरे मोर्चे की एंट्री ने कई विधानसभा क्षेत्रों में मुकाबला त्रिकोणीय ही नहीं किया, बल्कि असमंजस के हालात पैदा कर दिए हैं। दोनों पार्टियों को बागियों का परपंच झेलना पड़ रहा है, सो अलग। दिलचस्प बात यह है कि आरएलपी, माकपा, बसपा, आप, सपा, बीटीपी सहित अन्य छोटे दलों ने इस बार कांग्रेस एवं भाजपा से बागी हुए नेताओं को टिकट देकर इन दलों को सांसत में डाल दिया है।

एनडीए से अलग हुए हनुमान बेनीवाल की आरएलपी ने मारवाड़ व शेखावाटी की सियासत पर अपना वर्चस्व जमाने की पूरी कोशिश कर रखी है। नागौर, बीकानेर, जोधपुर, उदयपुर, अजमेर, चूरू, बाड़मेर, बायतू और भीलवाड़ा जैसे कई जिलों की अधिकांश सीटों पर उसके उम्मीदवार मैदान में है। लोहावट में कांग्रेस नेता सत्यनारायण विश्नोई आरएलपी का दामन थाम कर मैदान में है। बिलाड़ा में भाजपा से दावेदारी कर रहे जगदीश कडेला आरएलपी के टिकट पर लड़ रहे हैं। वहीं, लूणी में आरएलपी के बद्रीलाल प्रजापत डटे हुए हैं।

विधानसभा चुनाव-2023



### बीटीपी के भी कई प्रत्याशी प्रभावशाली

गत विधानसभा चुनाव में दो सीटों पर जीत के साथ ही राजस्थान में एंट्री करने वाली भारतीय ट्राइबल पार्टी ने इस बार डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, उदयपुर एवं चित्तौड़गढ़ जिले की कई विधानसभा सीटों पर अपने प्रत्याशी खड़े किए हैं। भील प्रदेश बनाने की मांग को लेकर चल रही बीटीपी ने इस बार कांग्रेस और भाजपा दोनों के लिए ही वागड़ की 20 सीटों पर मुश्किल खड़ी कर रखी है।

### बसपा लड़ रही पूरी गंभीरता से

दलित वोट बैंक के सहारे 2018 में 6 सीट जीतने वाली बसपा के इस बार पूर्वी राजस्थान की 40 से अधिक प्रत्याशी खड़े हैं। बसपा सुप्रीमो मायावती ने तूफानी दौरे भी शुरू कर दिए हैं। करीब एक दर्जन से अधिक सीटों पर तो बसपा ने मुकाबला त्रिकोणीय बना दिया है।

### बड़े बागियों को 'आप' ने अपनाया

प्रदेश में पैर जमाने को आतुर आप पार्टी के प्रत्याशियों में अधिकांश कांग्रेस एवं भाजपा से बागी हैं। ये नेता न केवल दोनों बड़े दलों के वोट बैंक में सेंध का प्रयास कर रहे हैं, बल्कि मुकाबला को त्रिकोणीय बनाने की स्थिति में आने लगे हैं। उधर, माकपा ने हनुमानगढ़, श्रीगंगानगर, सीकर और चूरू आदि जिलों में प्रत्याशी खड़े किए हैं। माकपा का फोकस उन किसान क्षेत्रों पर है जहां से पूर्व में उसे जीत मिल चुकी है। वैसे प्रदेश में एएमआईएम, आसपा, शिवसेना सहित अन्य एक दर्जन पार्टियां भी चुनाव मैदान में हैं। कौन-कितना और किसको नुकसान पहुंचाएगा यह नतीजों से सामने आएगा।

दोहरी मार: सर्दी के साथ बढ़ रही अस्पताल में मरीजों की भीड़

# पॉल्यूशन के रेड जोन में आया जयपुर, एक्यूआई लेवल पहुंच गया 335

बेधड़क | जयपुर

प्रदेश में सर्दी के बढ़ने के साथ-साथ प्रदूषण भी अब खतरनाक मोड पर पहुंच गया है। राजधानी जयपुर में शुक्रवार को एक्यूआई लेवल 335 तक पहुंच गया। शहर में सुबह से ही लोगों को चारों तरफ धुंध ही धुंध दिखाई देने लगी। वहीं, अस्पतालों में भी अस्थमा रोगी पहुंचने लग गए हैं। सुबह सैर करने वाले लोग भी मास्क पहनकर घूम रहे हैं। वहीं भिवाड़ी, चूरू, धौलपुर, गंगानगर में स्थिति दिल्ली के जैसी हो गई, इस शहरों में एक्यूआई लेवल 400 के ऊपर रहा। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने आने वाले दो-तीन दिन हार्ट, अस्थमा और सीओपीडी के मरीजों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

### प्रदूषण से सूरज की चमक रही फीकी, सर्दी बढ़ी

पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड से जारी रिपोर्ट के अनुसार शहर में शुक्रवार को प्रदूषण का लेवल रेड कैटेगरी में रहा। शहर के आदर्श नगर, राजा पार्क, ट्रांसपोर्ट नगर में एरिया में एक्यूआई लेवल 321 रहा। वहीं मानसरोवर, गोपालपुरा, गुर्जर की थड़ी, 200 फीट अजमेर रोड के आसपास 304 तक पहुंच गया। एमआई रोड, अजमेरी गेट, संसार चंद्र रोड, सिंधी कैंप 309 रहा। प्रताप नगर, सांगानेर, सीतापुरा, जगतपुरा 320 तक पहुंच गया। मुरलीपुरा, निवारू रोड, खातीपुरा, झोटवाड़ा एरिया में 335 और शास्त्री नगर, विद्याधर नगर, अंबाबाड़ी, भट्टा बस्ती, वीकेआई एरिया में लेवल 328 से ऊपर रहा। धुंध के कारण दिन में भी सूरज की चमक कमजोर रहने लगी है और तापमान भी गिरकर 30 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है।



### हवा की गति में कमी होने से नहीं छट पा रही धुंध

सवाई मान सिंह मेडिकल कॉलेज के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. जी. एल. धायल के मुताबिक पॉल्यूशन बढ़ने के पीछे बड़ा कारण सर्दी और कम हवा चलना है। शहरों में इंडस्ट्री, गाड़ियों और अन्य चीजों से उठता धुंआ और कार्बन के पार्टिकल जब हवा के साथ ऊपर उठते हैं तो वह ऊपर मौजूद ठंडी हवा और ओस की बूंदों में जाकर ट्रेप (फंस) हो रहे हैं। इससे यहां स्मॉग की स्थिति बन रही है। इसी कारण शहरों में सुबह से शाम तक आसमान में हल्के बादल और धुंधनुमा वातावरण इन दिनों देखने को मिल रहा है। हवा की स्पीड जब तक तेज नहीं होगी, इसी तरह का स्मॉग बना रहेगा।

### हिमाचल में बर्फबारी और बढ़ाएगी सर्दी

प्रदेश में शुक्रवार को सीकर, फतेहपुर, माउंट आबू में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा। चूरू, पिलानी, उदयपुर, भीलवाड़ा और करौली में बीती रात का न्यूनतम तापमान 10 से 11 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। जोधपुर, बीकानेर, जैसलमेर, बाड़मेर, जालोर जैसे गर्म इलाकों में रात में सर्दी बढ़ गई। यहां का न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे आ गया है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में अभी उत्तर-पश्चिमी हवाएं चलने से तापमान में गिरावट हो रही है। हिमाचल में एक सिस्टम आ सकता है, जिससे बर्फबारी हो सकती है। उससे राज्य में सर्दी और बढ़ सकती है।

## जरूरी खबर

### 'कलेजे के टुकड़े' को निर्दयी मां ने नाले में फेंका



**भीलवाड़ा।** शहर के प्रताप नगर थाना इलाके में अज्ञात कुमाता की ओर से एक नवजात को नाले में फेंकने का मामला सामने आया है। प्रतापनगर थाना पुलिस के अनुसार आजाद नगर कॉलोनी में अंबेश हॉस्पिटल के पास नाले में राहगीरों ने एक कर्टन में बच्चे के रोने की आवाज सुनी। वहां बड़ी संख्या में लोग एकत्र हो गए। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची प्रताप नगर थाना पुलिस ने लोगों की मदद से कर्टन को बाहर निकाला तो उसमें एक नवजात बच्चा रोता बिलखता मिला। पुलिस उसे महात्मा गांधी हॉस्पिटल पहुंचाया। पुलिस ने इस मामले में अज्ञात महिला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

### शिशु ओपीडी में ऑक्सीजन लीक से मचा हड़कंप

**अजमेर।** जिले के जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के शिशु रोग विभाग की ओपीडी में ऑक्सीजन सिलेंडर लीक हो जाने से अफरा तफरी मच गई। गनीमत रही कि कोई हादसा नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार सुबह एक बच्ची को ऑपरेशन के लिए ईएनटी ओटी में ले जाना था। इसी बीच ओपीडी में ऑक्सीजन सिलेंडर लीक हो गया। इससे वहां भगदड़ मच गई। बच्ची को आईसीयू से ओपीडी लाया गया उस वक्त सिलेंडर बंद हो गया, जिसके बाद दूसरा सिलेंडर लेकर आए तो गलती से सिलेंडर ज्यादा खुल गया, जिससे लीकेज हो गया। इससे ओपीडी में मौजूद लोग घबरा गए और बाहर की तरफ भागने लगे।

### 110 वर्षीय बुजुर्ग ने घर बैठे किया मतदान



**अलवर।** चुनाव आयोग की होम वोटिंग की नई पहल के चलते 80 साल से अधिक के बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाता होम वोटिंग से अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं। शुक्रवार को राजगढ़- लक्ष्मणगढ़ विधानसभा क्षेत्र में 110 वर्षीय बुजुर्ग सोहनलाल ने घर बैठे वोट डाला। वोट डालने के बाद सोहन लाल ने कहा कि चुनाव आयोग की यह यह अच्छी पहल है, मैं चल-फिर नहीं सकता। इस कारण बूथ पर जाकर वोट डालने में असमर्थ हूं। इस बार वोट डलवाने के लिए टीम घर आ गई तो आसानी से वोट डाल दिया।

---

**अन्तरराष्ट्रीय पुष्कर मेला:** लोक कलाकारों की रंगारंग प्रस्तुतियां और पशु प्रतियोगिताएं रहेंगी आकर्षण का केन्द्र

# धोरों में छाई ग्रामीण संस्कृति की छठा, मेले का आगाज आज

**बेधड़क** | अजमेर

अन्तरराष्ट्रीय पुष्कर मेले का शनिवार को विधिवत रूप से ध्वजारोहण के साथ शुभारंभ हो जाएगा। मेला मैदान में ध्वजारोहण के साथ ही पुष्कर सरोवर के 52 घाटों पर दीपदान के साथ मेले की रंगारंग शुरुआत होगी।

मेले में राजस्थान सहित हरियाण, पंजाब, यूपी, सहित कई राज्यों से पशुओं की आवक हुई है। इसमें ऊंट, घोड़े, बैल, भैंस सहित अन्य पशु खरीद-फरोख्त के लिए लाए गए हैं। मेले को लेकर देसी-विदेशी सैलानियों में खास उत्साह है। मेले में हर दिन देसी-विदेशी मेहमानों के बीच खेलकूद व पशु प्रतियोगिता होगी। राजस्थानी लोक कलाकार लोक कला एवं संस्कृति की छटा बिखेरेंगे तथा प्रसिद्ध गायक अमित मिश्रा संगीत की महफिल सजाएंगे। पर्यटन विभाग की ओर से 23 नवंबर को मेला स्टेडियम के रंगमंच पर बेस्ट ऑफ राजस्थान सांस्कृतिक संध्या होगी। इसमें बाड़मेर, डीग भरतपुर समेत प्रदेश के विभिन्न गांव व शहरों के लोक कलाकार रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। इसके साथ ही बॉलीवुड नाइट भी आयोजित की जाएगी।



### लपकों पर कड़ी नजर, मोबाइल टीमें कर रही निगरानी

पुष्कर मेला एवं विधानसभा चुनाव के मद्देनजर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट हो गया है। सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था के तहत मोबाइल टीमों का गठन किया गया है। यह टीमें अपने-अपने हलके में गश्त कर संदिग्ध एवं शातिरों पर कड़ी नजर रख रही है। कमीशन के लालच में देसी-विदेशी मेहमानों को नाजायज परेशान करने वाले लपकों की धर-पकड़ की जा रही है। सादा ड्रेस में भी जवान सभी परिस्थितियों पर नजर जमाए हुए है। पुष्कर मेले में बदमाशों व असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए नगर पालिका की ओर से मुख्य मंदिरों, सरोवर के घाटों समेत प्रमुख चौक-चौराहों पर 150 से अधिक खुफिया कैमरे लगाए जा रहे हैं। इसका कंट्रोल रूम नगर पालिका कार्यालय में रहेगा। यहां से पुलिस पूरे मेले पर नजर रखेगी।

### पशुओं और पशुपालकों से आबाद हुआ मेला मैदान

पुष्कर मेले को लेकर पशुपालकों, पशुओं की खरीद-फरोख्त से जुड़े लोगों और पर्यटकों में खासा उत्साह दिखाई दे रहा है। पुष्कर के धोरों में मेले की रंगत खिली नजर आ रही है। पशु और पशुपालकों से धोरे आबाद हो रहे हैं। मेले में पशुओं की आवक लगातार बनी हुई है। पुष्कर आने वाले तीर्थ यात्री भी मेला मैदान तक पहुंच रहे हैं। मेले में सजी दुकानें भी लोगों को आकर्षित कर रही है। वहीं पर्यटकों के झुंड धोरों में घूम-घूमकर मेले का लुत्फ उठा रहे हैं, पशुओं की अठखेलियां व पशुपालकों के ग्रामीण परिवेश को कैमरे की उत्सुकता इनमें सजह ही देखी जा सकती है।

---

**महुवा में मारपीट के बाद गरमाया माहौल,** इलाका छावनी में तब्दील

# हुडला और किरोड़ी के समर्थक उलझे, जमकर चले लात-घूंसे

**बेधड़क** | दौसा

राजस्थान विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आने के साथ ही प्रदेश का सियासी माहौल पूरी तरह से गरमा गया है। नेता और कार्यकर्ता विरोधियों को पीछे छोड़ने और जनमत को अपनी ओर मोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। इसी बीच दौसा की महुवा विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय माहौल गरमा गया जब भाजपा और कांग्रेस प्रत्याशियों के समर्थक एक-दूसरे पर पिल पड़े।

देखते ही देखते माहौल इतना गरमा गया कि दोनों तरफ से जमकर लात-घूंसे और धक्का-मुक्की हुई। इस दौरान कांग्रेस प्रत्याशी ओमप्रकाश के हाथ में चोट आई। वहीं दोनों पक्षों के अनेक कार्यकर्ता घायल हो गए। बांदीकुई पुलिस उपाधीक्षक ईश्वर सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की रिपोर्ट दर्ज करने के बाद मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

माहौल को काबू में रखने के लिए करीब आधा दर्जन थानों के पुलिस जवानों को मौके पर तैनात किया गया। इससे पूरा गांव छावनी में तब्दील हो गया। वहीं, इस मामले में कांग्रेस प्रत्याशी हुड़ला ने राज्यसभा सांसद व सवाई माधोपुर से भाजपा प्रत्याशी डॉ. किरोड़ी लाल मीणा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। हुडला ने बताया कि शुक्रवार को प्रचार के दौरान हम बैजूपाड़ा के कंचनपुरा गांव गए थे। जहां एक शख्स मुझे माला पहना रहा था, तभी कुछ लोगों ने हम पर हमला कर दिया। इस दौरान हमलावरों ने मारपीट की। साथ ही हमारी गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। ऐसे में हम वहां से किसी तरह से गाड़ियों को भगाकर आगे निकले और बैजूपाड़ा थाने गए।

**■ दोनों पक्षों की ओर से थाने में रिपोर्ट दर्ज**



### मीणा पर लगाए गए आरोप को नकारा

मारपीट की घटना को लेकर हुडला ने किरोड़ी लाल मीणा पर हमले का आरोप लगाया है। जबकि जिला परिषद सदस्य जूथाहेड़ा ने इन आरोपों को नकारा दिया। उन्होंने कहा कि इसमें किरोड़ी लाल मीणा का कोई लेना देना नहीं है। हम किरोड़ी लाल या फिर किसी भाजपा प्रत्याशी के लिए काम नहीं करते हैं, हम पार्टी के लिए काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हुड़ला पहले भी कई बार किरोड़ी लाल मीणा पर इस तरह के आरोप लगा चुके हैं। उनको लगता है कि इस तरह के आरोप लगाकर वे जनता से वोट बटोर लेंगे तो ये उनकी गलत फहमी है।

### गुमराह करने को बंधाया हाथ पर प्लास्ट

इस मामले में भाजपा के जिला परिषद सदस्य पप्पू जूथाहेड़ा का कहना है कि ओमप्रकाश हुड़ला के साथ गांव के किसी व्यक्ति ने मारपीट नहीं की है। उन्होंने लोगों को गुमराह करने के लिए डॉक्टर को बुलाकर हाथ पर प्लास्टर बंधवाया है। उन्होंने बताया कि हुड़ला कंचनपुरा गांव में प्रचार के लिए आए थे। इस दौरान भाजपा का प्रचार रथ उनके आगे चल रहा था। इस दौरान हुड़ला के साथ मौजूद बाउंसरों ने रथ हटाने के लिए कहा, लेकिन रास्ता न होने के कारण रथ को हटाने में थोड़ा टाइम लग गया। ऐसे में कांग्रेस प्रत्याशी के साथ मौजूद बाउंसरों ने रथ पर सवार एक युवक के साथ मारपीट शुरू कर दी।

---

**पुष्कर घाटी में हुआ हादसा**

# कार ने बाइक को मारी टक्कर, दो लोगों की मौत व महिला घायल

**■ बीमार बेटे से मिलने जा रहे थे तीनों**

**बेधड़क** | अजमेर

जिले में एक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई वहीं एक महिला गंभीर घायल हो गई। हादसा पुष्कर घाटी में गुरुवार देर रात हुआ। घायल महिला को जेएलएन हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। जानकारी के अनुसार एक युवक की तबीयत खराब होने पर उसके माता-पिता और नानी बाइक से पुष्कर उसे देखने जा रहे थे। हादसे में उसके पिता और नानी की मौत हो गई जबकि मां गंभीर रूप से घायल हो गई।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार हाथीखेड़ा निवासी हरीराम (40) अपनी पत्नी सुप्रिया देवी (35) और सास काली देवी (65) के साथ बेटे को देखने के लिए पुष्कर जा रहे थे। पुष्कर घाटी में रात करीब 10 बजे सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना पुष्कर थाना पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और सभी घायलों को अजमेर के जेएलएन अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने हरिराम और काली देवी को मृत घोषित कर दिया।



### टक्कर से मां खाई में गिरी

मृतक हरिराम के बेटे देव (20) ने बताया कि वह पुष्कर में कैमल सफारी का काम करता है। उसके माता-पिता और नानी उसे देखने के लिए पुष्कर आ रहे थे। इसी दौरान कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसकी मां सुप्रिया देवी खाई में जा गिरी। उनका जेएलएन अस्पताल में इलाज चल रहा है। वहीं देव ने बताया कि उसके माता-पिता के पास सोने का मंडलीय, चांदी का कड़ा सहित 15 हजार रुपए थे, जो हादसे के बाद से गायब है।

---

**सुसाइड नोट में बाणगंगा के** किनारे अंत्येष्टि की जताई इच्छा

# संत का फंदे से लटका मिला शव

**बेधड़क** | जोधपुर

जिले के बिलाड़ा में श्रीहनुमान मंदिर में सुबह जैसे ही श्रद्धालु पहुंचे तो मंदिर के कमरे में संत की लाश देखकर भोचक्के रह गए। तेजी से ये बात इलाके में फैल गई और लोगों का जमावड़ा लग गया। कई हिन्दूवादी संगठनों के लोग और अन्य मंदिर-मठों के संत-महंत भी घटनास्थल पर एकत्र हो गए।

लोगों की सूचना पर मंदिर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना किया। बिलाड़ा थाना प्रभारी भंवरलाल ने बताया कि हनुमान मंदिर में रहने वाले महंत ताजाराम (40) ने गुरुवार रात मंदिर परिसर में ही बने एक कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह मंदिर में आए लोगों ने महंत का शव फंदे से लटका देख पुलिस को सूचना दी। इसके बाद बिलाड़ा सीओ राजवीरसिंह चम्पावत जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। पहली नजर में मामला सुसाइड का लग रहा है। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। सूत्रों के अनुसार शव के पास एक सुसाइड नोट भी मिला। पुलिस ने शव को फंदे से उतार कर बिलाड़ा हॉस्पिटल की मोर्चरी पहुंचाया। जानकारी के अनुसार बिलाड़ा कस्बे में बिलाड़ा-पतालियावास रोड पर श्रीहनुमान मंदिर है। खींवसर के रहने वाले ताजाराम नाम के महंत पिछले 5 साल से इस मंदिर में रहते थे और पूजा-पाठ करते थे। महंत ताजाराम ने रात को कई लोगों से मदद के लिए पैसे उधार भी मांगे थे। उन्हें पैसे किस लिए चाहिए थे, इसके बारे में उन्होंने किसी को नहीं बताया था। सुसाइड नोट में अपनी अंतिम इच्छा संत ने लिखी है। उन्होंने बाण गंगा के किनारे अग्नि (दाह संस्कार) करने की इच्छा जाहिर की है।



---

**BSP सुप्रीमो मायावती ने बोला** भाजपा-कांग्रेस पर हमला

# पूंजीपतियों के लिए काम करती हैं दोनों पार्टी

**बेधड़क** | धौलपुर

राजस्थान में विधानसभा चुनाव की तिथि नजदीक आने के साथ ही भाजपा कांग्रेस सहित तीसरे मोर्चा की पार्टियों के आला नेताओं की प्रदेश में ताबड़तोड़ जनसभाएं हो रही है।

इसी कड़ी में शुक्रवार को धौलपुर में बहुजन समाज पार्टी की प्रमुख मायावती ने बसपा उम्मीदवारों के समर्थन में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने भाजपा-कांग्रेस पर जमकर जुबानी हमला बोला। बसपा सुप्रीमो ने कहा कि हमारी पार्टी पूरी तैयारी के साथ राजस्थान में बिना किसी गठबंधन के चुनाव लड़ रही हैं। हमने सर्व समाज के लोगों को टिकट दिए। सरकारी काम काज को प्राइवेट सेक्टर में सौंपने को लेकर मायावती ने राज्य की कांग्रेस और केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि आज देश में बड़े-बड़े पूंजीपतियों को प्राइवेट सेक्टर सौंपे जा रहे हैं। इसके चलते वंचित वर्ग को आरक्षण का लाभ ठीक तरीके से नहीं मिल पा रहा है। इससे पूरे देश के दलित पिछड़ा वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग के साथ अन्य लोगों को नुकसान हो रहा है। इसी के साथ कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मायावती ने कहा कि मंडल कमीशन के समय मुंह फेरने वाली कांग्रेस को अब जातीय जनगणना की याद आ रही है। धौलपुर में जनसभा को संबोधित करने के बाद मायावती भरतपुर के नदबई रवाना हो गई, जहां उन्होंने सभा को संबोधित किया।



---

**युद्धाभ्यास में जवानों ने दिखाया पराक्रम**

# आसमान से आफत बनकर दुश्मन पर टूट पड़े जांबाज

**बेधड़क** | जैसलमेर

भारत-पाक सीमा पर चल रहे त्रिशक्ति युद्धाभ्यास में देश के जाबांज युद्ध कौशल का प्रदर्शन कर रहे हैं। इसमें तीनों सेनाओं के जवान शामिल हैं। शुक्रवार को धोरों ने आसमान से दुश्मन को शिकस्त देने का पराक्रम बखूबी दिखाया।

वायु सेना के मालवाहक विमान से हथियारों से लैस सैकड़ों जांबाजों ने आसमान से छलांग लगाई और धरती पर आते ही दुश्मन पर आफत बनकर टूट पड़े। आधुनिक हथियारों से लैस भारतीय जांबाजों ने पलक झपकते ही दुश्मन को खत्म कर दिया। युद्धाभ्यास के दौरान थल सेनाध्यक्ष मनोज पांडे ने सभी जवानों की हौसला अफजाई की। वे युद्धाभ्यास का अवलोकन करने ग्राउंड जीरो पर पहुंचे। 13 नवंबर से शुरू हुआ युद्धाभ्यास 13 दिन चलेगा। इसमें आर्मी, एयरफोर्स और नेवी के करीब 30 हजार जवान अपना दमखम दिखा रहे हैं। आधुनिक तकनीक लैस ड्रोन से युद्धाभ्यास की निगरानी रखी जा रही है। जवान जब दुश्मन की ओर कदम बढ़ाते हैं, तब ड्रोन के जरिए ऑपरेशन की निगरानी की जाती है।

आसमान में उड़ते ड्रोन सैनिकों को नई तकनीक से रुबरू करवाते हुए हथियारों के बेहतर प्रदर्शन की भी जानकारी दे रहे हैं। त्रिशक्ति प्रहार में भारतीय सेना अपनी नई तकनीक को भी परख रही है।



### युद्ध कौशल की बारीकियां जान रहे जवान

इस अभ्यास के दौरान खुफिया व अन्य जानकारी रखने, टोही विमान से लंबी दूरी के हमले, सटीक हमलों से दुश्मन को नेस्तनाबूद करने से कई तरह की युद्ध कौशल की जानकारी भी जवान इस अभ्यास के दौरान ले रहे हैं। बीते कुछ समय से चीन के साथ लगती सीमा पर विवाद के चलते यह युद्धाभ्यास महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस युद्धाभ्यास में मुख्य रूप से पुणे स्थित भारतीय वायु सेना की दक्षिणी पश्चिमी कमान की ऑपरेशनल कैपेबिलिटी और रेडिनेस का प्रदर्शन भी प्रमुख तौर पर शामिल है। युद्धाभ्यास में मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी-ड्रोन), सटीक-निर्देशित मिसाइल, लोइटर युद्ध सामग्री, काउंटर-ड्रोन सिस्टम, संचार प्रणाली और ऑटोमैटिक स्पेक्ट्रम मॉनिटरिंग सिस्टम जैसी स्पेशल टेक्नोलॉजी की टेस्टिंग की जा रही है।

### युद्धाभ्यास में नए हथियारों की भी टेस्टिंग

सैन्य सूत्रों के अनुसार रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को देखते हुए नई रणनीति के तहत अभ्यास किया जा रहा है। इसमें नए हथियारों की टेस्टिंग भी की जाएगी। आर्मी के टी-90 एस और अर्जुन टैंक, हॉवित्जर, हेलिकॉप्टर और अन्य हथियार शामिल हैं। लड़ाकू विमान, अटैक हेलिकॉप्टर अपाचे, हैवी-लिफ्ट हेलिकॉप्टर और नेवी के विभिन्न विमान भी हिस्सा ले रहे हैं। युद्धाभ्यास के दौरान लंबी दूरी के हमले, सटीक हाई वॉल्यूम के हमलों से दुश्मन के छक्के छुड़ाने सहित यूनिफाइड वायु-भूमि और संयुक्त हथियार संचालन, तेज डायनेमिक व डीप स्ट्राइक ऑफेंसिव कैपेबिलिटी जैसी विभिन्न क्षमताओं का प्रदर्शन किया जा रहा है। यहां इलेक्ट्रॉनिक युद्ध क्षमता भी परखी जाएगी। वर्तमान में कई नए हथियार हैं, जो इलेक्ट्रॉनिक तकनीक पर काम करते हैं और युद्ध में बड़ी भूमिका निभाते हैं।

---

**किसानों ने दी आंदोलन की चेतावनी**

# गांवों में बिजली गुल से फूटा रोष, SE को घेरा

**बेधड़क** | जैसलमेर

जिले में सीमा से सटे गांवों में बिजली किल्लत से लोगा परेशान हो रहे हैं। बिजली की समस्या इतनी विकराल बनी हुई है कि किसानों को सिंचाई के लिए भी बिजली नहीं मिल पा रही है। यहां तक की गेंहू, बाजरा पीसने के लिए आटा चक्की तक नहीं चल पा रही है। इसको लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों का रोष फूट पड़ा।

बिजली समस्या से परेशान करीब दस गांवों के किसानों ने विद्युत कार्यालय में एसई का घेराव कर दिया और बिजली सप्लाई सुचारू करने की मांग उठाई। समस्या का जल्द समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी दी। इस समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर को भी ज्ञापन सौंपा। इसमें समस्या का समाधान नहीं होने पर मतदान बहिष्कार की चेतावनी दी गई है। ग्रामीणों ने बताया कि जैसलमेर स्थित बिजली घर के एसई ऑफिस का घेराव किया। इस दौरान अधिकारियों ने हमें समस्या के समाधान का आश्वासन भी दिया। मगर सभी ग्रामीणों ने अधिकारियों को अल्टीमेटम देकर कहा कि अगर समस्या का समय रहते समाधान नहीं हुए तो वे उग्र आंदोलन करेंगे। उन्होंने बताया कि सरहदी इलाकों के गांव म्याजलार, दव, पोछीना, बैरसियाला समेत करीब 10 गांवों में बिजली की समस्या है।



**चुनावी पोळ**

धोरां वाले देश में,
देखो उमरावां की दौड़।
करड़ा करड़ा बोलणा,
चालैं मूंछ मरोड़।।

■ गजानन

**विधानसभा चुनाव** | 1984 में नाथूराम मिर्धा को हरा सांसद बने थे रामनिवास मिर्धा

# 39 साल बाद नागौर में 'मिर्धा बनाम मिर्धा'
# इस बार चाचा के सामने भतीजी

**बेधड़क** | जयपुर/नागौर

बात 1984 की है। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के बाद हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के पक्ष में सहानुभूति की प्रचंड लहर थी। इसके बावजूद राजीव गांधी को राजस्थान के नागौर से एक ऐसे मजबूत उम्मीदवार की तलाश थी जो नाथूराम मिर्धा को मात दे सके। आखिरकार उन्होंने रामनिवास मिर्धा को टिकट दिया और मिर्धा परिवार के दो दिग्गजों के उस मुकाबले में नाथूराम मिर्धा को शिकस्त मिली।

1984 में नाथूराम मिर्धा ने लोकदल प्रत्याशी के रूप में नागौर सीट पर लोकसभा चुनाव लड़ा था। लेकिन रामनिवास मिर्धा ने इससे पहले कभी लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ा था। वे 1967 से लगातार राज्यसभा के लिए निर्वाचित होते रहे थे। लेकिन उन्होंने चुनाव लड़ा और 48 हजार से ज्यादा वोटों से नाथूराम मिर्धा को हरा दिया।

वह पहला मौका था जब जाटलैंड के इस रसूखदार राजनीतिक घराने के दो दिग्गज आमने-सामने थे और अब 39 साल बाद उसी नागौर में मिर्धा परिवार के दो नेता एक दूसरे को चुनौती दे रहे हैं। इस बार विधानसभा चुनाव में मुकाबला मिर्धा परिवार से ताल्लुक रखने वाले चाचा और भतीजी के बीच है। रामनिवास मिर्धा के पुत्र हरेंद्र मिर्धा नागौर से कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं तो भारतीय जनता पार्टी ने नाथूराम मिर्धा की पौत्री ज्योति मिर्धा को टिकट दिया है। हरेंद्र मिर्धा और ज्योति मिर्धा रिश्ते में चाचा और भतीजी लगते हैं। पूर्व सांसद ज्योति मिर्धा इस साल सितंबर में ही कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुई हैं। आजादी के बाद से नागौर से अब तक पांच-पांच बार जाट व मुस्लिम प्रत्याशी विजयी रहे हैं। नागौर विधानसभा क्षेत्र में करीब 2 लाख 64 हजार मतदाता है जिनमें मुस्लिम और जाट मतदाता निर्णायक माने जाते हैं।




### तीन सीटों पर चार मिर्धा मैदान में

वैसे नागौर जिले की तीन विधानसभा सीटों पर मिर्धा घराने से ताल्लुक रखने वाले चार लोग चुनाव लड़ रहे हैं। नागौर जिले में कांग्रेस इस बार मिर्धा परिवार पर पूरी तरह से मेहरबान रही। नागौर जिले में 3 विधानसभा सीट पर कांग्रेस ने मिर्धा परिवार को चुनाव मैदान में उतारा है। इसके पीछे जातीय समीकरणों को सबसे बड़ी वजह माना जा सकता है। जिले में जाट मतदाता सबसे अधिक हैं। जाट वोटर्स के साथ ही मिर्धा परिवार की राजनीति में अच्छी पकड़ है। इसी कारण कांग्रेस ने नागौर जिले की दो रिजर्व सीटों को छोड़कर तीनों सीटों पर मिर्धा परिवार के सदस्यों को चुनाव मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने नागौर विधानसभा क्षेत्र से हरेंद्र मिर्धा, डेगाना विधानसभा क्षेत्र से विजयपाल मिर्धा और खींवसर विधानसभा क्षेत्र से तेजपाल मिर्धा को प्रत्याशी बनाया है। वहीं, भाजपा ने नागौर विधानसभा सीट से ज्योति मिर्धा को चुनाव मैदान में उतारा है। नागौर में 'मिर्धा बनाम मिर्धा' के कारण मुकाबला दिलचस्प हो गया है। हालांकि निर्दलीय उम्मीदवार और पूर्व विधायक हबीबुर्रहमान मुकाबले को त्रिकोणीय बनाने के प्रयास में हैं।

### निजी संबंधों में कटुता नहीं: हरेंद्र मिर्धा

ज्योति मिर्धा से मुकाबले के बारे में पूछे जाने पर हरेंद्र मिर्धा का कहना है कि यह सवाल उनसे पूछा जाना चाहिए कि वह भाजपा में क्यों शामिल हुईं? हमारा तो कांग्रेस के साथ लंबा संबंध रहा है। पार्टी ने मुझे खड़ा किया है और विश्वास है कि जनता मुझे विजयी बनाएगी। हरेंद्र का यह भी कहना है कि ज्योति मिर्धा और उनके बीच चुनावी मुकाबला होने से निजी संबंधो में कोई कटुता नहीं आई है। उन्होंने रामनिवास मिर्धा और नाथूराम मिर्धा के बीच मुकाबले के बारे में कहा कि दोनों में बहुत अच्छे रिश्ते थे लेकिन राजनीतिक परिस्थिति ऐसी बनी कि दोनों ने एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ा। हरेंद्र मिर्धा को उम्मीद है कि अशोक गहलोत सरकार की योजनाओं और कांग्रेस पार्टी की सात 'गारंटी' का उन्हें फायदा मिलेगा। इधर, ज्योति मिर्धा का कहना है कि उनके चाचा ने उनके सामने चुनाव लड़ने से मना किया था।

### इस बार कांटे का मुकाबला

नागौर के स्थानीय मतदाताओं का भी मानना है कि मिर्धा परिवार के दो लोगों के बीच आमने-सामने की टक्कर से मुकाबला बहुत ही दिलचस्प और कांटे का हो गया है। स्थानीय मतदाता और पेशे से शिक्षक बलिराम चौधरी का कहना है कि अभी तो ज्योति मिर्धा का बोलबाला लग रहा है, लेकिन मुस्लिम मतदाताओं की गोलबंदी पूरी तरह से कांग्रेस के पक्ष में हो गई तो हरेंद्र मिर्धा इस सीट से जीत सकते हैं। अब यह देखना होगा कि हबीबुर्रहमान को कितने वोट मिलते हैं। नागौर निवासी मोहम्मद असलम का मानना है कि इस सीट पर मुकाबला कांटे का है, लेकिन जातीय समीकरण के चलते हरेंद्र थोड़ा आगे दिखाई दे रहे हैं। उन्होंने बताया कि नागौर का मुस्लिम मतदाता हबीबुर्रहमान के साथ नहीं जाएगा। हरेंद्र मिर्धा को मुसलमानों के साथ ही जाट और कुछ अन्य जातियों के वोट भी मिल सकते हैं। इसलिए उनके जीतने की संभावना ज्यादा लगती है।



**बिहाइंड | द कर्टेन**

## धुंध में धुंधला रहे चुनावी नतीजे

मौसम करवट बदल रहा है। धुंध छा रही है। विजीबिलिटी कम हो रही है। चुनाव की बात करें तो यहां भी धुंध का असर है। कोई कितना ही जीत का दावा कर ले, जानकारों की नजर में तस्वीर साफ नहीं है। तो तीन परिस्थितियां हो सकती हैं। किसी को क्लीयर मेजोरिटी मिल जाए। दूसरी पार्टी हार जाए। तीसरी परिस्थिति हंग असेम्बली की नौबत। जो हारेंगे वो समीक्षा में व्यस्त हो जाएंगे। समीक्षा हर बार होती है। लेकिन इसका निचोड़ क्या रहा, पता नहीं चलता। कुछ दिन हाय-तौबा। किसी एक को टारगेट बना दो। पहली और तीसरी परिस्थिति में घमासान होना तय है। क्लीयर मेजोरिटी के बाद सीएम को लेकर गुटबाजी होनी तय है। कहीं दो तो कहीं दो से ज्यादा दावेदार। आला कमान पर्दे के पीछे। जिसकी पीठ पर हाथ रखा उसकी कुर्सी पक्की। पहले भी देख चुके हैं। अभी तो हंसते हुए फोटो सोशल मीडिया में तैर रहे हैं। सबसे क्रूशियल नजारा होगा हंग असेम्बली की स्थिति में। फाइव स्टार होटलों में बाड़ेबंदी। नंबर गेम, समर्थकों की परेड। पल-पल बदलते समीकरण। कई सीटों पर त्रिकोणीय मुकाबले हो रहे हैं। कई भाईसाहब, काकोसा और बाबोसा फंसे पड़े हैं। बड़े-बड़े नेताओं को नुक्कड़ सभाएं करनी पड़ रही हैं। कहीं बागी तो कहीं निर्दलीय। कहीं आपसी टकराव। टक्कर कांटे की बताई जा रही है। राजनीति में जो सबके सामने होता है उससे ज्यादा अंदरखाने चल रहा होता है। कुर्सी के दावेदारों ने पहले से तैयारी कर रखी है। कहें तो फील्ड सेट है। पहले ही पता है कि किस-किस की हालत पतली रहने वाली है। तो प्लान बी तैयार है। अपनी सीट निकालने वाले बागियों-निर्दलीयों की छंटनी हो चुकी है। खैर, ये सब तो रिजल्ट आने के बाद देखेंगे। अभी तो सारे स्टार प्रचारकों ने राजस्थान का रुख कर लिया है। कोई हूंकार भर रहा है, कोई तूफानी दौरा कर रहा है। कहीं चुनावी सभाओं तो कहीं रोड शो की धूम मची है। वादों की भरमार है। चुनावी सभाओं में कही बातों की कोई ऑडिट नहीं होती। कौन याद रखता है। कोई याद दिलाए तो कह देंगे वो तो चुनावी जुमला है। प्रत्याशी ताबड़तोड़ रफ्तार से दौड़ने लगे हैं। नुक्कड़ नाटक हो रहे हैं। गाने बज रहे हैं। किसी को गुड़ तो किसी को केलों से तोला जा रहा है। कैसे भी हो नैया पार लग जाए। पतवार आपके हाथ में है।

■ यायावर

**थड़ी | पॉलीटिक्स**

## गणित मत लगाओ, बस अपने वोट को सोच-समझकर काम में लो

**स्थान** रामगढ़ मोड़ | **समय** दोपहर 12:35 बजे

**जयपुर**

बागियों को बाहर निकालने का नाटक क्यों कर रहे हैं ये लोग। पिछली बार भी जो जीत गए उनको तो चार-छह महीने में ही वापस ले लिया था। जो हारे उनको थोड़े नखरे दिखाकर वापस ले लिया। और जिनको छह साल के लिए पार्टी से निकाला था उनको पांच साल बाद इस चुनाव में टिकट भी दे दिया। सही है हाथी के दांत खाने के और दिखाने के और।" चुनाव ज्यों-ज्यों नजदीक आ रहा है, माहौल में गर्मी बढ़ती जा रही है। चुनावी रैलियों की तादाद लगातार बढ़ती जा रही है। समर्थकों के साथ वोट मांगते घूम रहे नेताओं की रैलियां माहौल में राजनीति के रंग घोल रही हैं। लोगों की आपसी चर्चाओं से राजनीति के माहौल का अंदाजा लगाने हम पहुंचे आमेर रोड पर रामगढ़ मोड़ के पास एक टी स्टॉल पर। यहां ग्रुप्स में बैठे लोगों की बातें सुनीं तो एक ग्रुप में राजनीतिक पार्टियों के बागी नेताओं पर चर्चा चल रही थी। एक तरफ से बागियों पर पार्टियों की कार्रवाई पर सवाल खड़ा किया गया तो सामने वाले ने बात को आगे बढ़ाया- "भाई, सारा कुर्सी का खेल है। जो पार्टी को जिताएगा, उसी को मिलेगा ईनाम। चाहे उसने पहले पार्टी के साथ कितना भी बुरा किया हो। अगर वो जिताऊ है तो उसके सारे गुनाह माफ हैं। बर्खास्त करना, सजा देना, सब दिखावे के काम हैं।" तीसरे ने भी बात की पूंछ पकड़ते हुए बात को आगे बढ़ाया-"गुरु, जिसकी आलाकमान से सैटिंग है उसको सारी छूट है। जैसे घर में जो बच्चा लाडला होता है उसकी सारी शैतानियों को नजरअंदाज करते हैं वैसे ही जो नेता आलाकमान का चहेता है या बड़े नेताओं का उसके सिर पर हाथ है, उसकी भी सारी गलती माफ हैं। कुल मिलाकर सारा खेल कुर्सी का है।" बात सही दिशा में जा रही थी, एक और युवक ने बात को आगे बढ़ाया-"पार्टी का कोई लाडला-वाडला नहीं है भाई, जो सीट जिता सकता है उसीको टिकट मिलता है। देखा नहीं क्या, जो एक दिन पहले पार्टी में आए उनको टिकट दे दिए और जो कई सालों से पार्टी जिंदाबाद के नारे लगा रहे थे वो देखते ही रह गए। ये गणित तुम लोगों के समझ में नहीं आएगी। ये राजनीति है। तुम अगर एक दिमाग से सोचते हो तो पार्टियां एक लाख दिमागों से सोचती हैं। इस चक्कर में मत पड़ो और तुम्हें जो भी ढंग का कैंडिडेट लगे उसको वोट दे देना।" सही है, मतदाता के पास केवल वोट का अधिकार है, इसको ठीक से काम में लेकर ही वह कुछ बदल सकता है, इससे ज्यादा उसके हाथ में कुछ नहीं।

**पॉली | क्लिक्स**



### चुनावी बुलडोजर

उत्तर प्रदेश में शुरू हुई बुलडोजर कार्रवाईयां देशभर में योगी मॉडल के रूप में जानी जाने लगी हैं। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को सांचौर में भाजपा प्रत्याशी देवजी पटेल के समर्थन में सभा के लिए आएंगे। योगी के आने से पहले यहां बुलडोजरों की लंबी-चौड़ी खेप को सजा धजा कर तैयार कर लिया गया है।

**पॉली | टून**




**चुनावी | इतिहास के झरोखे से**



■ *गुलाब बत्रा, वरिष्ठ पत्रकार*
*gulabbatra@gmail.com*

## 2004 में देशभर में शुरू हुई ईवीएम वोटिंग से मिली थी मतपेटियों के जंजाल से राहत

सोलहवीं राजस्थान विधानसभा गठित करने संबंधी प्रक्रिया के अन्तर्गत चुनाव सम्पन्न कराने की दिशा में एक चरण पूरा हो गया है। चुनाव अधिसूचना जारी होने के पश्चात नामांकन पत्र दाखिल करके उनकी जांच पड़ताल और नाम वापसी तथा प्रत्याशियों के चुनाव चिन्ह आवंटन के साथ चुनाव मैदान तैयार है। अब चुनाव प्रचार, मतदान तथा मतगणना से चुनाव के दंगल में उतरे पहलवानों की हार जीत का फैसला होगा। रैफरी का काम निर्वाचन आयोग का है, जिसकी जिम्मेदारी की चर्चा हम आगे करेंगे।

लेकिन इस बार प्रत्याशियों के दलीय टिकटों की बंदरबाट के दिलचस्प घटनाक्रम देखने को मिले। दलीय सिद्धांत, नैतिकता और निष्ठा से जुड़े मूल्य धरे रह गए। ऐसे लगा कि चुनाव नहीं ताश खेला जा रहा है, वह भी जुए के रूप में। ताश फेंकने, फेंटने, उसमें तुरुप का पता निकालने या जोकर को आगे करने के दिलचस्प नजारे देखने को मिले। वहीं सुबह सवेरे जयपुर के नारायण सिंह तिराहे की तर्ज पर सरकारी तथा प्राइवेट बसों में चुनावी सवारियां बिठाने की सौदेबाजी का शोरगुल निर्वाचन की पवित्रता को शर्मसार कर गया।



विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में संसदीय शासन प्रणाली को अंगीकार किया गया है। चुनाव को लोकतंत्र का उत्सव माना जाता है। तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के कार्यकाल में व्यस्क मताधिकार की आयु 21 से 18 वर्ष किए जाने से युवाशक्ति की भागीदारी से मतदान प्रतिशत बढ़ा है।

स्वाधीनता के पश्चात संविधान के अन्तर्गत गठित स्वतंत्र निकाय निर्वाचन आयोग शांतिपूर्ण, स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव कराने का दायित्व निभाता है। आज से हम चुनाव सम्पन्न कराने से संबंधित समूची प्रक्रिया से रू-ब-रू होंगे।

### मतदान के साथ मतगणना भी हुई सरल

स्वाधीनता के पश्चात प्रथम आम चुनाव में मतदान कर चुके वयोवृद्ध मतदाताओं को तब की मतदान प्रक्रिया का ध्यान होगा। दलीय एवं निर्दलीय प्रत्याशियों के नाम एवं चुनाव चिह्नों से युक्त मतपत्र पर मोहर लगाकर मतपेटी में वोट डालने की उलझन रहा करती थी। चुनाव सुधार की प्रक्रिया में अब फटाफट मतदान होने लगा है। प्रारम्भिक परीक्षणों के उपरांत वर्ष 2004 से पहली बार पूरे देश में मतदान इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों (ईवीएम) से होने लगा है। वी वी पैट यूनिट की पारदर्शी स्क्रीन से तो मतदाता को अपने सही मतदान की सूचना मिल जाती है। ईवीएम से मतगणना भी आसान हो गई है। पहले मतपेटियों को खोलने, मतपत्र मिलाने, मतपत्रों की गड्डियां बनाने, फिर गिनती के सफर में देर रात तक चुनाव परिणाम आ पाते थे। मतदान केन्द्रों पर कब्जे तथा मतपत्र फाड़ने और मतपेटी ले जाने की शिकायतें भी हुआ करती थी।

### शेखावत ने भी की थी एक देश-एक चुनाव की वकालत

वर्ष 1951-52 से आम चुनाव का सिलसिला शुरू हुआ तब लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं के चुनाव एक साथ कराए जाते थे। यह क्रम चार चुनावों के पश्चात तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के कार्यकाल में टूट गया। इस टूटन के चलते प्राय: हर वर्ष चुनाव दर चुनाव का खेल चल रहा है। आदर्श आचार संहिता लागू होने से व्यापक जनहित से संबंधित योजनाओं के क्रियान्वयन एवं विकास कार्यों पर विपरीत प्रभाव पड़ता है। इसके अलावा चुनाव सम्पन्न कराने में सरकार के स्तर पर तथा राजनैतिक दलों एवं अन्य निर्दलीयों द्वारा बेतहाशा खर्च किया जाता है। इसमें काले धन के उपयोग की चर्चा भी होती है। इसलिए पिछले कुछ अर्से से एक देश एक चुनाव की मांग को लेकर पुन: विचार मंथन होने लगा है। केन्द्र सरकार ने तो पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में समिति गठित करने का अप्रत्याशित कदम उठाया है। नीति और विधि आयोग भी इस दिशा में कार्यवाही कर रिपोर्ट बना चुका है। राजस्थान के जननेता तत्कालीन उपराष्ट्रपति भैरो सिंह शेखावत ने भी देश में एक साथ चुनाव कराने की वकालत की थी। चुनाव सुधारों की चर्चा होती है।

# छठ... व्रत से ज्यादा सांस्कृतिक सबक



प्रेम प्रकाश
स्वतंत्र टिप्पणीकार

नब्बे के दशक में जब भारत ने उदारीकरण की राह पकड़ी तो विमर्श का एक बड़ा मुद्द बना परंपरा और संस्कृति पर मंडराने वाला खतरा। अंदेशा जताया गया कि आस्था की डुबकी लगाने वाले देश में बाजार का पसारा लोकमानस से कहीं बड़ा खिलवाड़ न साबित हो। उसी दौर में 'बेस्ट फॉर नेक्स्ट कल्चरल ग्रुप' से जुड़े कुछ लोगों ने बिहार में गंगा, गंडक, कोसी और पुनपुन नदियों के घाटों पर मनने वाले छठ व्रत पर एक डॉक्यूमेंट्री बनाई। इस समूह के साथ कई देशों के युवा जुड़े थे। डाक्यूमेंट्री निर्माण के दौरान इन युवाओं को यह देखकर खासी हैरत हुई कि घाट पर उमड़ी भीड़ कुछ भी ऐसा करने से परहेज कर रही थी, जिससे नदी का जल प्रदूषित हो। लोक विवेक की इससे बड़ी पहचान क्या होगी कि जिन नदियों के नाम तक को हमने इतिहास बना दिया है, उनके नाम आज भी छठ गीतों में सुरक्षित हैं। कविताई के अंदाज में कहें तो छठ पर्व आज परंपरा या सांस्कृतिक अनुष्ठान से ज्यादा सामयिक सरोकारों से जुड़े जरूरी सबक याद कराने का अवसर है। एक ऐसा अवसर जिसमें पानी के साथ मनमानी पर रोक, प्रकृति के साथ सहचर्य निभाते हुए जीवन जीने का पथ और शपथ दोनों शामिल हैं। प्रकृति के साथ छेड़छाड़ रोकने और जल-वायु को प्रदूषणमुक्त रखने के लिए किसी भी पहल से पहले यूएन चार्टरों की मुंहदेखी करने वाली सरकारें अगर अपने यहां परंपरा के गोद में खेलते लोकानुष्ठानों के सामर्थ्य को समझ लें तो मानव कल्याण के एक साथ कई अभिक्रम पूरे हो जाएं। पर सबक की पुरानी लीक छोड़कर बार-बार गलती और फिर नए सिरे से सीखने की दबावी पहल ही आज हमारे शिक्षित और जागरूक होने की शर्त हो गई है।

बात करें छठ व्रत की तो दिल्ली, मुंबई, पुणे, चंडीगढ़, अहमदाबाद और सूरत के रेलवे स्टेशनों का नजारा वैसे तो दशहरे के साथ ही बदलने लगता है। पर दिवाली के आसपास तो स्टेशनों पर तिल रखने तक की जगह नहीं होती है। इन दिनों पूरब की तरफ जानेवाली ट्रेनों के लिए उमड़ी भीड़ यह जताने के लिए काफी होती हैं कि इस देश में आज भी लोग अपने लोकोत्सवों से किस कदर भावनात्मक तौर पर जुड़े हैं। तभी तो घर लौटने के लिए उमड़ी भीड़ और उत्साह को लेकर देश के दूसरे हिस्से के लोग कहते हैं, अब तो छठ तक ऐसा ही चलेगा, भैया लोगों का 'बड़का पर्व' जो शुरू हो गया है। वैसे इस साल छठ व्रत अच्छे दिनों के सांस्कृतिक आहट के रूप में भी महसूस किया जा रहा है। एक ऐसी आहट जिसे न तो किसी मोबाइल क्लिप में सुना जा सकता है, न ही कुबेरी 'टाइगर' की दहाड़ में। यह आहट है सामाजिक व्यवस्था से जुड़ी सच्चाइयों का नए सिरे से अनावरण।

> "प्रकृति के साथ छेड़छाड़ रोकने और जल-वायु को प्रदूषण मुक्त रखने के लिए किसी भी पहल से पहले यूएन चार्टरों की मुंहदेखी करने वाली सरकारें अगर अपने यहां परंपरा के गोद में खेलते लोकानुष्ठानों के सामर्थ्य को समझ लें तो मानव कल्याण के एक साथ कई अभिक्रम पूरे हो जाएं। पर सबक की पुरानी लीक छोड़कर नए सिरे से सीखने की दबावी पहल हमारे शिक्षित और जागरूक होने की शर्त हो गई है।"

राजनीतिक विश्लेषक आज इसे बिहार और उत्तर प्रदेश की जातिवादी सामाजिक रचना के नए राजनीतिक हस्तक्षेप में उभार के तौर पर देख रहे हैं। इस सिलसिले में विचार का एक पहलू यह भी है कि हिंदी पट्टी के भैया लोगों ने देश के विभिन्न शहरों की गगनचुंबी समृद्धि में भले अपना अस्थि-मज्जा लगाया हो, पर उसकी स्वीकृति को लेकर एक कोताही आज भी है। इन शहरों में भैया लोगों के विरोध की हिंसक सबक जब-तब अखबारों की सुर्खी बनती रहती है। यह देश की सामासिक सांस्कृतिक बनावट को तहस-नहस करने वाली स्थिति है। समय रहते अगर इस बारे में हम नहीं चेते तो समाज, परंपरा और संस्कृति के साझे की हमारी विरासत पूरी तरह से छिन्न-भिन्न हो जाएगी।

हवा-पानी की स्वच्छता को लेकर बढ़े खतरे के बीच यह उल्लास एक बड़ी संभावना है, एक ठोस सकारात्मक संदेश है। पिछले तीन-चार दशकों में एक छतरी के नीचे खड़े होने की होड़ के बीच इस लोकरंग की एक वैश्विक छटा भी उभरी है। हॉलैंड, सूरीनाम, मॉरिशस , त्रिनिडाड, नेपाल और दक्षिण अफ्रीका से आगे छठ के अर्घ्य के लिए हाथ अब अमेरिका, कनाडा और ब्रिटेन में भी उठने लगे हैं। अपने देश की बात करें तो जिस पर्व को ब्रिटिश गजेटियरों में पूर्वांचली या बिहारी पर्व कहा गया है, उसे आज बिहार, उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और असम जैसे राज्यों में खासे धूमधाम के साथ मनाया जाता है। बिहार और उत्तर प्रदेश के कई जिलों में इस साल भी नदियों ने त्रासद लीला खेली है। जानमाल को हुए नुकसान के साथ जल स्रोतों और प्रकृति के साथ मनुष्य के संबंधों को लेकर नए सिरे से बहस पिछले कुछ सालों में और मुखर हुई है। कहना नहीं होगा कि लोक विवेक के बूते कल्याणकारी उद्देश्यों तक पहुंचना सबसे आसान है। याद रखें कि छठ पूरी दुनिया में मनाया जाने वाला अकेला ऐसा लोकपर्व है जिसमें उगते के साथ डूबते सूर्य की भी आराधना होती है। यही नहीं, चार दिन तक चलने वाले इस अनुष्ठान में न तो कोई पुरोहित कर्म होता है और न ही किसी तरह का पौराणिक कर्मकांड। यहां तक कि प्रसाद के लिए मशीन से प्रोसेस किसी भी खाद्य पदार्थ का इस्तेमाल निषिद्ध है। और तो और प्रसाद बनाने के लिए व्रती महिलाएं कोयले या गैस चूल्हे की बजाय आम की सूखी लकड़ियों को जलावन के रूप में इस्तेमाल करती हैं। कह सकते हैं कि आस्था के नाम पर पोंगापंथ और अंधविश्वास के खिलाफ यह पर्व भारतीय लोकसमाज की तरफ से एक बड़ा हस्तक्षेप भी है, जिसका कारगर होना सबके हित में है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## इजराइल-हमास टकराव

# अल शिफा हॉस्पिटल बना युद्ध का मैदान



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> "हमास की ताकत को भी कमतर आंकने की गलती इस मायने में नहीं की जा सकती कि 40 दिनों से संघर्ष करते हुए अभी पीछे हटने को तैयार नहीं है तो दूसरी ओर इजराइल ने भी अब हमास को पूरी तरह तहस नहस करने का मन बना लिया है। एक के बाद एक ताबड़तोड़ कार्रवाई हो रही है। 40 दिनों में दोनों तरफ से 13 हजार से अधिक लोगों के मरने के समाचार हैं। इनमें निर्दोष और बच्चों तक के मरने के समाचार है।"

मानव इतिहास में शायद यह पहला उदाहरण होगा जब जीवनदायी हॉस्पिटल युद्ध का मैदान बना हो। दरअसल इजराइल हमास युद्ध में यही हो रहा है। आज गाजा पट्टी का अल शिफा हॉस्पिटल रणक्षेत्र बन गया है। इसके लिए अकेले इजराइल को दोष देना किसी भी दृष्टि से सही नहीं ठहराया जा सकता। वहीं हॉस्पिटल को युद्ध का मैदान बनाना भी किसी भी तरह से उचित नहीं माना जा सकता, पर जो परिस्थितियां सामने आ रही हैं उसने हालात ही ऐसे बना दिए हैं।



इजराइल दावा कर रहा है कि अस्पताल परिसर में आतंकवादी गतिविधियों के बुनियादी ढांचे के संकेत मिले हैं। इजराइल का दावा है कि अस्पताल के नीचे हमास का मुख्यालय और कमांड सेंटर है और यहां से आतंकवादी गतिविधियों का संचालन हो रहा है। वहां से भारी मात्रा में हथियारों का जखीरा भी मिला है। वहीं दूसरी ओर निर्दोष नागरिक जान गंवा रहे हैं। इजराइल के सामने यहां दोहरा संकट है। एक ओर निर्दोष नागरिकों को बचाना है तो दूसरी ओर आतंकवादी गतिविधियों पर प्रभावी कार्रवाई करना भी है। दुनिया के देश भी दो खेमे में बंट चुके हैं। एक ओर जहां हॉस्पिटल क्षेत्र में सैन्य कार्रवाई के लिए इजराइल को दोषी ठहराया जा रहा है तो दूसरी ओर हमास की आतंकवादी गतिविधियों को दोषी ठहराया जा रहा है।

दरअसल 7 अक्टूबर को हमास ने जिस तरह से इजराइल पर मात्र 20 मिनट में पांच हजार से ज्यादा राकेट दागकर इजराइल सहित सारी दुनिया को सकते में ला दिया था। इजराइल के सामने अब दोहरा संकट आ गया है। हमास के हमले से न सिर्फ इजराइल अपितु सारी दुनिया सकते में आ गई। इसका कारण भी है, इजराइल की सुरक्षा व्यवस्था, सूचना तंत्र, प्रतिरक्षा और सैन्य व्यवस्था की सारी दुनिया लोहा मानती रही है। हमास द्वारा अचानक एक साथ पांच हजार राकेट दागना और उसके बाद लगातार एक-दूसरे में युद्ध जारी रहना इजराइल के सामने बड़ी चुनौती के रूप में उभरे हालात हैं। इजराइल सीधे-सीधे इसे अपनी तौहीन समझ रहा है तो उसकी प्रतिष्ठा पर दुनिया के देशों के सामने आंच आई है। जानकारों की मानें तो हमास के इस हमले में ईरान का हाथ है। ईरान नहीं चाहता कि इजराइल और सउदी अरब के बीच आपसी सुलह हो जबकि अमेरिका दोनों देशों के बीच सुलह या यों कहें की सहमति करवाना चाहता है। एक तरह से ईरान अमेरिकी प्रयासों को विफल करने में जुटा है। दरअसल हमास फिलिस्तीनी राजनीतिक व सैन्य संगठन हैं। यह भी कहा जा सकता है कि फिलिस्तीन का चरम पंथी सैन्य संगठन है।

वर्ष 1987 के बाद यह संगठन अस्तित्व में आया है और यह अपने आप में एक शक्तिशाली चरमपंथी संगठन के रूप में विकसित हो चुका है। गाजा पट्टी जानकारों की माने तो इस क्षेत्र में हमास ने सुरंगों का जाल बिछा रखा है। कौन सा मेन होल या दरवाजा किस सुरंग को रास्ता है यह पता करना आसान नहीं है, वहीं सुरंगों का यह जाल पूरे क्षेत्र में फैला हुआ है। अनजाने में यहां प्रवेश करना भी घातक इस मायने में है कि कब कहां विस्फोट हो जाए अंदाज भी नहीं लगाया जा सकता। जानकारों की माने तो गाजापट्टी क्षेत्र में चारों तरफ सुरंगों का नेटवर्क फैला हुआ है और यहां से चरमपंथी गतिविधियों के साथ ही रणनीति तैयार करने से लेकर उसे अंजाम देने का नेटवर्क संचालित हो रहा है। माना जा रहा था कि इजराइल के आगे हमास अधिक दिन तक संघर्ष नहीं कर पाएगा, पर इसके उलट लगभग 40 दिन से अधिक होने के बाद भी जंग कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। हमास की ताकत को भी कमतर आंकने की गलती इस मायने में नहीं की जा सकती कि 40 दिनों से संघर्ष करते हुए अभी पीछे हटने को तैयार नहीं है तो दूसरी ओर इजराइल ने भी अब हमास को पूरी तरह तहस नहस करने का मन बना लिया है।

एक के बाद एक ताबड़तोड़ कार्रवाई हो रही है। 40 दिनों में दोनों तरफ से 13 हजार से अधिक लोगों के मरने के समाचार हैं। इनमें निर्दोष और बच्चों तक के मरने के समाचार है। दरअसल हॉस्पिटल का युद्ध क्षेत्र में तब्दील होना अपने आप में गंभीर है। इसे किसी भी हालात में सही नहीं ठहराया जा सकता। 1949 के जिनेवा कन्वेंशन के अनुसार शिक्षा संस्थान यानी की स्कूल, हॉस्पिटल और धार्मिक स्थानों को युद्ध के लिहाज से सुरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। दुनिया के देश इसी का हवाला देते हुए इजराइल की आलोचना कर रहे हैं तो इजराइल का कहना है कि हमास हॉस्पिटल को सुरक्षा ढाल बनाकर आतंकवादी गतिविधियों को संचालित कर रहा है। इजराइल का यह भी दावा है कि इजराइल द्वारा 12 घंटे का नोटिस देकर इस क्षेत्र को आतंकवादी गतिविधि मुक्त करने को कहे जाने के बाद भी कोई असर नहीं पड़ रहा है।

इजराइल का यह भी कहना है कि हमास द्वारा आतंकवादी गतिविधियों के संचालन के लिए अस्पताल क्षेत्र का उपयोग इंटरनेशनल लॉ का खुलेआम उल्लंघन है। उसका यह भी दावा है कि अस्पताल में आवश्यक उपकरण, दवाएं आदि उपलब्ध कराए जा रहे हैं ताकि अस्पताल की गतिविधियां सुचारू रूप से संचालित हो सके। सवाल यह नहीं है कि कौन गलत है या कौन सही? सवाल सीधा सीधा यह हो जाता है कि किसी भी देश या संगठन को नैतिकता के सामान्य सिद्धांतों और इंटरनेशनल मानकों की अवहेलना की अनुमति नहीं दी जा सकती। दुनिया के देशों के सामने एक बात यह भी साफ हो जानी चाहिए कि आपसी संघर्ष अब कुछ घंटों या दिनों में समाप्त होने वाला नहीं रह गया है। शक्तिशाली रूस और यूक्रेन का युद्ध इसका उदाहरण है तो हमास इजराइल संघर्ष भी इसी दिशा में बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है। एक समय था जब यह माना जाने लगा था कि भविष्य के युद्ध चंद घंटों के होंगे वह मिथक पूरी तरह से टूट गया है। ऐसे में वसुधैव कुटुंबकम का भारतीय संदेश ही सही मायने में कारगर हो सकता है। इसी में शांति और सद्भावना का संदेश छिपा है। इसी में मानवता की भलाई है।

इंटरनेशनल हालातों से एक बात और साफ हो गई है कि यूएनओ अपना वर्चस्व व पहचान खोता जा रहा है। यूएनओ की दशा और दिशा दोनों पर ही मंथन की आवश्यकता हो गई है। जब अस्पताल जैसे क्षेत्र आतंककवादी गतिविधियों और सैन्य प्रतिक्रिया के केन्द्र बनते जा रहे हैं तो इंटरनेशनल लॉ और सहमति व उसकी बात करना बेमानी होगा। कौन दोषी है या कौन निर्दोष इससे इतर दुनिया के देशों, बुद्धिजीवियों, शांतिवादी शक्तियों व गैरसरकारी संगठनों को आगे आकर इस पर गंभीर चिंतन मनन करना होगा।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# महंगाई पर राजनेता के उच्च विचार



मनीष कुमार चौधरी
व्यंग्यकार

बहुत दिनों से सोच रहा था कि महंगाई पर विचार करूं। जो शब्द रोजमर्रा के जीवन में बीसियों बार बोला जाता है, उस पर विचार न करना एक बुद्धिजीवी को शोभा नहीं देता। पर बुद्धिजीवी बड़ा सयाना होता है। वह उस मुद्दे पर बिल्कुल भी विचार नहीं करना चाहता, जिस पर सरकार विचार कर रही होती है। क्योंकि सरकार जो कर रही होती है, बुद्धिजीवी उस पर विचार करना अपना अपमान समझता है।

कोई राजनीतिज्ञ ही इस पर बेहतर प्रकाश डाल सकता है, जिसकी नीतियों की वजह से यह महंगाई का टंटा खड़ा हुआ है। हालांकि कोई राजनीतिज्ञ महंगाई के बारे में उतना ही जानता है, जितना एक आम आदमी। 'यह बार-बार महंगाई क्यों बढ़ जाती है?' महंगाई शब्द सुनने की देर थी कि नेता के भीतर की राजनीति जाग गई। वह आंखें तरेर कर बोला- 'गरीब के पास पैसा अधिक आ गया है। इसलिए महंगाई बढ़ गई है।' जवाब माकूल था, क्योंकि वह राजनीतिज्ञ ही क्या जो पैसे की बात न करे। 'लेकिन यह तो अमीरों की बात हुई, ऐसी हालत में गरीब क्या करेगा?' गरीब शब्द से राजनीतिज्ञ को बेहद चिढ़ थी। उसकी भवें तन गईं और वह लगा गरीबी पर भाषण झाड़ने। 'गरीब का तो किया ही क्या जा सकता है। और गरीब आदमी का महंगाई से क्या काम! हां, महंगाई को अमीरों से जोड़ कर ही इस विषय पर कुछ कहा जा सकता है। यूं भी मुद्रास्फीति, बाजार, जीडीपी, उपभोक्ता सूचकांक, तेजी-मंदी, खरीदारी-बिकवाली, औद्योगिक विकास, डाटा, महंगाई का ग्राफ...जैसे शब्दों से भला गरीब का क्या लेना-देना। एक गरीब की क्या परचेजिंग पावर! वह तो मार्केट में कंज्यूमर ही नहीं होता। खरीदारी तो अमीरी से जुड़ी होती है। पेट काट कर जीने वाला गरीब तो जब महंगाई बढ़ी हुई होती है तब भी उपभोक्ता नहीं होता और जब महंगाई कम होती है, तब भी नहीं होता। थोड़ी ही देर में राजनीतिज्ञ गंभीरता छोड़कर मसखरी पर उतर आया और हंस कर बोला- 'कहां है महंगाई? आजादी से पहले हम चबैना चबाते थे, आज महंगे स्मार्टफोन पर दिन में दस बार यूपीआई का इस्तेमाल करते हैं। मेरे खुद के बच्चे ऑक्सफोर्ड में पढ़ रहे हैं। पिछले चुनाव में पचास करोड़ की संपत्ति डिक्लेयर की थी। महंगाई होती तो क्या इतना जुटा पाता। और गरीब का जहां तक प्रश्न है, वह तो प्रेमचंद के जमाने से गरीब चला आ रहा है। उसे हाथ रोक कर खर्च करना चाहिए। रोटी कम और चावल ज्यादा खाएगा तो महंगाई बढ़ी हुई ही लगेगी। रही महंगी दाल की बात? उसे इतनी गाढ़ी दाल खाने की क्या जरूरत है। सरकारी मैस में जैसी पानी वाली दाल बनती है, वह खाएगा तो महंगाई आप ही कम लगने लगेगी, हाजमा दुरुस्त रहेगा सो अलग। महंगाई पर इतनी किच-किच और हाय-तौबा ठीक नहीं है। यह तो घटती-बढ़ती रहती है, रोज-रोज इस पर क्या दिमाग लगाना।'

## X



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
तेलंगाना से जितना पैसा KCR ने चोरी किया है, उतना हम गरीबों की जेब में डालने जा रहे हैं। कांग्रेस ने तेलंगाना को 6 गारंटी दी हैं! BJP रिश्तेदार समिति, BRS की एक गारंटी है - गरीबों से लूट!



**अशोक गहलोत,** मुख्यमंत्री
@ashokgehlot51
जिस तरह कांग्रेस ने वादा निभाते हुए राजस्थान में सबसे पहले ओल्ड पेंशन स्कीम (OPS) लागू की; ठीक उसी तरह अब कानून बनाकर इसे स्थाई करेंगे। ओपीएस पक्की करें कानून से, कांग्रेस को मतदान करें फिर से



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
संघर्षों को रोकने का एकमात्र तरीका यह है कि मनुष्य स्वयं से परे सोचना सीखे और जो हमारा है। जो हमारी सीमाओं से परे है, जरूरी नहीं कि वह शत्रु या प्रतिस्पर्धी हो।

## नॉलेज कॉर्नर: पृथ्वी पर दो टेक्टोनिक प्लेटें टकराने पर बनते हैं पर्वत

# माउंटेन और हिल में क्या होता है अंतर?

भारत में बड़ी संख्या में लोग पहाड़ों पर घूमने जाते हैं। चाहे वह कश्मीर हो, हिमाचल प्रदेश हो या उत्तराखंड। ये क्षेत्र बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। वे न केवल देश के भीतर से यात्रियों को आकर्षित करते हैं, बल्कि वे दुनिया भर से सैकड़ों हजारों पर्यटकों को भी लुभाते हैं। कई बार अच्छी सेहत के लिए हमें चिकित्सक हिल स्टेशन जाने की सलाह भी देते हैं। लोग अकसर मेडिटेशन और स्वास्थ्य लाभ के लिए भी पहाड़ों और हिल स्टेशन का रुख करते हैं। अगर आप भी पहाड़ों में घूम चुके हैं तो क्या कभी आपने नोटिस किया कि माउंटेन और हिल में क्या अंतर होता है? इस बारे में अधिक जानते हैं आज के नॉलेज कॉर्नर में...

### ये कहता है साइंस

हममें से कई लोग पहाड़ों को ऊंची चोटियों से जोड़ते हैं और कुछ हद तक यह सही भी है। पर्वत प्राकृतिक रूप से बने होते हैं और उनकी विशेषता उनकी काफी ऊंचाई होती है। भूवैज्ञानिकों के अनुसार, एक पहाड़ को आमतौर पर 2000 मीटर से अधिक ऊंचाई वाले पर्वत के रूप में परिभाषित किया जाता है। दूसरे शब्दों में, कोई भी भू-आकृति जो इस सीमा से ऊपर उठती है उसे पर्वत माना जाता है। पृथ्वी पर, पहाड़ भूवैज्ञानिक भ्रंश के कारण चट्टानों और मिट्टी के गोलाकार आकार में विकृत होने का परिणाम हैं।



### ऐसे बढ़ते हैं पहाड़

भूवैज्ञानिक बताते हैं कि पहाड़ों का निर्माण तब होता है जब पृथ्वी की पपड़ी पर दो टेक्टोनिक प्लेटें टकराती हैं, जिसमें एक प्लेट दूसरी प्लेट के नीचे खिसक जाती है। परिणामस्वरूप, ऊपरी प्लेट ऊपर की ओर धकेल दी जाती है और अंततः एक पर्वत बन जाता है। यह प्रक्रिया लाखों वर्षों में चलती है क्योंकि पहाड़ आमतौर पर सालाना केवल 5 से 10 इंच की दर से बढ़ते हैं। कभी-कभी, चट्टानों के विस्थापन और गैस के दबाव के निर्माण के कारण भूमिगत लावा सतह पर फूटता है, जो पर्वत निर्माण में योगदान देता है।

### हिल्स और पहाड़ों में अंतर

दूसरी ओर हिल आमतौर पर पहाड़ों जितनी ऊंची नहीं होती हैं, उसकी ऊंचाई आमतौर पर 2000 मीटर से नीचे होती है। हिल आम तौर पर क्षरण या भ्रंश जैसी प्रक्रियाओं के माध्यम से बनते हैं। हिल्स की ढलानें पहाड़ों जितनी खड़ी नहीं हैं, जिससे वे लोगों के लिए अधिक सुलभ हो जाती हैं।

कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन




### तेलंगाना चुनाव परिक्रमा: पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने केसीआर को घेरा, कहा-कांग्रेस के समर्थन का तूफान आने वाला है...

# KCR द्वारा लूटी गई राशि 5 साल में लोगों के खातों में करा देंगे जमा

**एजेंसी** | हैदराबाद

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को कहा कि तेलंगाना विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी के लिए समर्थन का 'तूफान' आने वाला है और राज्य में सत्तारूढ़ भारत राष्ट्र समिति बुरी तरह हारेगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 'पिछड़ों, दलितों और आदिवासियों' की सरकार लाना चाहेगी। केसीआर द्वारा लोगों से लूटी गई राशि कांग्रेस अगले पांच वर्षों में लोगों के बैंक खातों में जमा कर देगी।



राहुल गांधी ने खम्मम जिले के पिनापाका में एक रैली को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि बीआरएस का भ्रष्टाचार पूरे राज्य में देखा जा सकता है। कांग्रेस का पहला लक्ष्य तेलंगाना में जनता की सरकार बनाना और उसके बाद केंद्र में नरेन्द्र मोदी सरकार को सत्ता से हटाना है। राहुल गांधी ने कहा कि मुख्यमंत्री पूछते हैं कि कांग्रेस पार्टी ने किया क्या है? मुख्यमंत्री साहब, जिस स्कूल और कॉलेज में आपने पढ़ाई की, उसे कांग्रेस ने बनाया। जिन सड़कों पर आप यात्रा करते हैं, वे सड़कें कांग्रेस ने बनाई हैं।

कांग्रेस ने तेलंगाना के युवाओं के समर्थन से विकास किया।

### कालेश्वरम परियोजना में एक लाख करोड़ रुपए लूटने का लगाया आरोप

राहुल ने 'केसीआर' पर कालेश्वरम परियोजना के निर्माण के नाम पर लोगों से एक लाख करोड़ रुपए लूटने का आरोप लगाते हुए कहा, उनके भ्रष्टाचार के उदाहरण तेलंगाना के कोने-कोने में देखे जा सकते हैं। नरसमपेट में एक अन्य रैली में गांधी ने आरोप लगाया कि हालांकि 'धरणी' एकीकृत भूमि रिकॉर्ड प्रबंधन प्रणाली बीआरएस सरकार द्वारा लाई गई थी, लेकिन किसानों की जमीन छीन ली गई है। बीआरएस विधायक 'दलित बंधु' योजना में तीन लाख रुपए की रिश्वत लेते हैं।

## संजय तोड़ पाएंगे हार का सिलसिला!

**करीमनगर**। करीमनगर से दो बार विधानसभा चुनाव हार चुके भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव और करीमनगर से सांसद बंडी संजय कुमार को इस बार विधानसभा चुनाव में जीतने की उम्मीद है। कुमार का सामना तेलंगाना के अल्पसंख्यक वर्ग कल्याण मंत्री गांगुला कमलाकर से है जिन्होंने 2018 और 2014 में उन्हें हराया था। कुमार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं।

संजय कुमार को जहां कट्टर हिंदूवादी छवि के साथ तेजतर्रार नेता माना जाता है, वहीं कमलाकर क्षेत्र में लोकप्रिय हैं। इस बार चुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में पुरुमल्ला श्रीनिवास पहली बार किस्मत आजमा रहे हैं जो बोम्माकल गांव के सरपंच हैं। तीनों ही मुन्नुरू कापू समुदाय से आते हैं जो पिछड़े वर्गों में आता है। करीमनगर से 2019 के लोकसभा चुनाव में शानदार जीत हासिल करने वाले संजय कुमार 2020 से 2023 के शुरुआती महीनों तक पार्टी की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष रहे। तेलंगाना में भाजपा ने उनके नेतृत्व में विभिन्न चुनावों में सफलता हासिल की है जिनमें कई विधानसभा उपचुनाव और ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम के चुनाव शामिल हैं।

### मैंने विकास के मुद्दे पर मतदान किया: सुमित्रा महाजन



**इंदौर**। लोकसभा की पूर्व अध्यक्ष सुमित्रा महाजन ने शुक्रवार को मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावों में अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया और कहा कि उन्होंने विकास के मुद्दे पर वोट डाला। महाजन ने अपने गृह नगर इंदौर के ओल्ड पलासिया क्षेत्र के एक मतदान केंद्र में वोट डालने के बाद पीटीआई-भाषा से कहा कि देश की स्वतंत्रता को 75 साल से ज्यादा हो गए हैं और नागरिकों में मतदान को लेकर जागृति बढ़ी है। मतदान हमारा संवैधानिक अधिकार और कर्तव्य, दोनों है।

### तेलंगाना: अभिनेत्री विजयशांति फिर कांग्रेस में शामिल



**हैदराबाद**। तेलंगाना विधानसभा चुनाव से पहले पूर्व सांसद और गुजरे जमाने की अभिनेत्री विजयशांति शुक्रवार को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की उपस्थिति में फिर से पार्टी में शामिल हो गईं। विजयशांति भाजपा से इस्तीफा दे चुकी थीं। खरगे ने तिरंगा पटका भेंट कर उन्हें औपचारिक रूप से पार्टी में शामिल किया। भारत राष्ट्र समिति की पूर्व सांसद वर्ष 2020 में कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हो गई थीं, लेकिन हाल के दिनों वह भाजपा के कार्यक्रमों से दूरी बनाए हुए थीं। अभिनेत्री से राजनेता बनी विजयशांति ने वर्ष 2009 में अपने राजनीतिक करियर की शुरुआत की थी।

### लोकतंत्र की राह: मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ में मतदाताओं ने दिखाई सियासी ताकत

# MP: छिटपुट घटनाओं के बीच भारी मतदान

### 76 प्रतिशत मतदाताओं ने किया मताधिकार का इस्तेमाल

**एजेंसी** | भोपाल

मध्य प्रदेश में शुक्रवार को भारी मतदान हुआ। शाम पांच बजे तक कुल 76.22 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। परिसीमन के बाद हुए विधानसभा चुनावों यानी वर्ष 2008 में 69.52 प्रतिशत, वर्ष 2013 में 72.69 प्रतिशत और वर्ष 2018 में 75.63 प्रतिशत मतदान हुआ था। नक्सल प्रभावित बालाघाट, मंडला और डिंडोरी जिलों में मतदान अपराह्न तीन बजे समाप्त हो गया, जबकि राज्य के बाकी इलाकों में मतदान शाम छह बजे तक जारी रहा। राज्य के सभी 230 निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 2,533 उम्मीदवारों का चुनावी भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। इनमें सीएम शिवराज सिंह चौहान और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ जैसे राजनीतिक दिग्गज शामिल हैं।




#### नक्सली गतिविधियों से प्रभावित इलाके में बैहर सीट पर 80 फीसदी से अधिक मतदान

बालाघाट जिले की नक्सल प्रभावित बैहर सीट पर 80.38 प्रतिशत, लांजी में 75.07 प्रतिशत और परसवाड़ा में 81.56 प्रतिशत मतदान हुआ। राज्य में विभिन्न अंचलों में सुबह सात बजे से ही मतदान केंद्रों पर भीड़ लगनी प्रारंभ हो गई थी, जो समय बीतने के साथ बढ़ती गई। मतदान का समय (शाम छह बजे) खत्म होने के बाद भी कई केंद्रों पर लंबी लाइन लगी हुई थी। महिलाओं में सुबह से ही मतदान को लेकर अच्छा उत्साह देखा गया। कुछ विधानसभा क्षेत्रों में मतदान के दौरान भाजपा और कांग्रेस समर्थकों के बीच छिटपुट हिंसक झड़प भी हुई।

#### तोमर के निर्वाचन क्षेत्र में झड़प में दो लोग घायल

दिमनी निर्वाचन क्षेत्र में शुक्रवार को मतदान के दौरान हुई झड़प में दो लोग घायल हो गए । यहां से केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर चुनाव लड़ रहे हैं। मुरैना के पुलिस अधीक्षक (एसपी) शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि मतदाताओं को मतदान करने से रोकने की कोशिशों को लेकर मिर्धान गांव से दो समूहों के बीच झड़प की सूचना मिली थी। उन्होंने कहा कि गोली लगने की खबर गलत है और इलाके में अतिरिक्त पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। मारपीट में लाठी-डंडों का इस्तेमाल किया गया और घटना में अजय शर्मा और रामप्रताप शर्मा नामक दो लोग घायल हो गए।

# छत्तीसगढ़: बारूदी सुरंग पर भारी वोट

### दूसरे चरण में 70 सीटों पर 70.59 फीसदी मतदान

**एजेंसी** | रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में शुक्रवार को 70 सीटों के लिए दूसरे एवं अंतिम चरण में 70.59 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का इस्तेमाल किया। राज्य में शांतिपूर्ण मतदान के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। 70 विधानसभा क्षेत्रों में से 44 सीट सामान्य वर्ग की हैं जबकि 17 सीट अनुसूचित जनजाति के लिए और नौ सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इस चरण में मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, आठ मंत्रियों और चार सांसदों समेत 958 उम्मीदवारों का भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। पिछले विधानसभा चुनाव में दूसरे चरण में 72 सीटों पर हुए मतदान में 76.62 फीसदी मतदान हुआ था



#### नक्सलियों ने बारूदी सुरंग से किया धमाका, जवान शहीद

राज्य के नक्सल प्रभावित गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत बड़ेगोबरा गांव के करीब नक्सलियों ने बारूदी सुरंग में विस्फोट कर दिया। इस घटना में मतदान दल की सुरक्षा में तैनात आईटीबीपी के प्रधान आरक्षक जोगिंदर सिंह की मृत्यु हो गई। बड़ेगोबरा मतदान केंद्र बिंद्रानवागढ़ क्षेत्र के उन नौ मतदान केंद्रों में से एक है, जहां सुबह सात बजे से दोपहर बाद तीन बजे तक मतदान हुआ। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार जिले के कसडोल विधानसभा क्षेत्र में एक महिला की मतदान के दौरान मृत्यु हो गई।

#### सीएम बघेल ने किया मतदान

सीएम बघेल ने अपने निर्वाचन क्षेत्र पाटन के कुरूदडीह गांव में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। बघेल ने सोशल मीडिया में एक फोटो साझा किया जिसमें वह गांव के एक मतदान केंद्र में अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। बघेल ने लिखा है, मतदान के लिए अपनी बारी का इतंज़ार।' मतदान से पहले संवाददाताओं से बघेल ने कहा कि उनकी पार्टी (90 सदस्यीय विधानसभा में) 75 से अधिक सीटें जीतेगी और पाटन क्षेत्र में एकतरफा मुकाबला है। पाटन में संभावित त्रिकोणीय मुकाबले के बारे में पूछे जाने पर, बघेल ने इससे इनकार किया ।

### BJP कट्टरता के अलावा कुछ नहीं जानती: KCR

**करीमनगर (तेलंगाना)**। तेलंगाना के मुख्यमंत्री एवं भारत राष्ट्र समिति प्रमुख के. चंद्रशेखर राव ने शुक्रवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि वह सांप्रदायिक कट्टरता के अलावा कुछ भी नहीं जानती। इसके साथ ही राव ने लोगों से भाजपा को वोट नहीं देकर सबक सिखाने का अनुरोध किया। राव ने विभिन्न चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू धर्म के नाम पर लोगों के बीच मतभेद उत्पन्न किए जा रहे हैं और सवाल किया कि क्या देश में ऐसी स्थिति की जरूरत है। कांग्रेस को एक धोखेबाज पार्टी बताते हुए उन्होंने कहा कि इसने 58 वर्षों तक तेलंगाना के लोगों को परेशान किया और आरोप लगाया कि 1969 में अलग राज्य के लिए हुए आंदोलन में 400 लोगों की गोली मारकर जान ले ली गई थी।

उन्होंने यह भी कहा कि देश में मस्जिदें खोदी जा रही हैं और सवाल किया कि क्या अच्छी संस्कृति वाला कोई व्यक्ति ऐसा करेगा। उन्होंने लोगों से भाजपा को वोट नहीं देने की अपील करते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस देश में 157 मेडिकल कॉलेज स्थापित किए हैं। तेलंगाना को एक भी कॉलेज नहीं दिया गया। मैंने सैकड़ों पत्र लिखे।

### मध्य प्रदेश में भाजपा को बहुमत मिलने का दावा

# मैं सीएम पद की दौड़ में नहीं: सिंधिया

**एजेंसी** | ग्वालियर

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री एवं भाजपा के नेता ज्योतिरादित्य सिंधिया ने शुक्रवार को कहा कि वह मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री पद की दौड़ में नहीं हैं। सिंधिया ने शुक्रवार को ग्वालियर के एक मतदान केंद्र पर अपना वोट डाला। उन्होंने कहा, मैं न तो पहले इस दौड़ में था और न ही आज। आपने 2013 में, 2018 में और इस चुनाव में भी मुझसे बार-बार पूछा और मैंने भी आपसे यही कहा।



सिंधिया ने यह भी कहा कि राज्य के लोग अपने भविष्य को सुरक्षित करने, विकास और प्रगति के लिए भाजपा को पूर्ण बहुमत से इस चुनाव में जीत दिलाएंगे।

#### प्रियंका गांधी मनोरंजन व लोगों का अपमान करने के लिए एमपी आती हैं: चौहान

**भोपाल**। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा द्वारा चुनाव प्रचार के दौरान फिल्मी चरित्रों से उनकी तुलना करने की आलोचना करते हुए शुक्रवार को कहा कि वह मनोरंजन और लोकतंत्र एवं लोगों का अपमान करने आती हैं। चौहान ने सीहोर जिले के जैत में अपने पैतृक आवास पर पीटीआई-भाषा से कहा, कांग्रेस तो गंभीर है ही नहीं। मैं प्रियंका गांधी से सवाल करना चाहता हूं कि क्या फिल्मों में एक्टिंग करना यहां मुद्दा है?, क्या जय और वीरू चुनाव का मुद्दा है?, क्या मोदी जी के नाम पर फिल्म बन जाए ये मुद्दा है? मजाक बना दिया चुनाव का। ये लोकतंत्र का अपमान है, जनता का अपमान है। वो चुनाव को, लोकतंत्र को, जनता को मनोरंजन समझती हैं, इसलिए मनोरंजन करने आई हैं।

### कर्नाटक: आर अशोक बने विपक्ष के नेता



**बेंगलुरु**। कर्नाटक विधानसभा में नव नियुक्त विपक्ष के नेता आर. अशोक का स्वागत करते पूर्व सीएम बासवराज बोम्मई और बीएस येदियुरप्पा। इससे पहले भाजपा विधायकों की बैठक हुई।

### तेलंगाना: कांग्रेस का घोषणा पत्र अभय हस्तम जारी

# 6 गारंटी... 500 में गैस सिलेंडर, महिलाओं को 2,500 रुपए प्रति माह

**एजेंसी** | हैदराबाद

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया, जिसमें राज्य के लिए छह गारंटी और अनेक घोषणाएं शामिल हैं। इन छह गारंटी में चार हजार रुपए वृद्धावस्था पेंशन देना और 500 रुपए में गैस सिलेंडर मुहैया कराना शामिल है। पार्टी ने यह भी कहा है कि यदि कांग्रेस सत्ता में आई तो वह दो लाख रुपए का फसल ऋण तत्काल माफ कर देगी

खरगे ने 42 पन्नों वाला घोषणापत्र अभय हस्तम जारी करने के बाद कहा कि तेलंगाना के लोगों का मूड है कि 'चाहे जो हो जाए', कांग्रेस को सत्ता में लाना है।कांग्रेस की छह गारंटी में 30 नवंबर के चुनाव के बाद राज्य की सत्ता में पार्टी के आने पर महिलाओं को 2,500 रुपए प्रति माह और 500 रुपए में गैस सिलेंडर के साथ ही सभी घरों को 200 यूनिट मुफ्त बिजली देने का वादा शामिल है। पार्टी ने 'रायतू भरोसा' के तहत प्रत्येक वर्ष किसानों को 15,000 रुपए की निवेश सहायता देने का वादा किया है।

#### ये हैं कांग्रेस की गारंटी

- महिलाओं को 2,500 रुपए प्रति माह
- 500 रुपए में गैस सिलेंडर
- सभी घरों में 200 यूनिट मुफ्त बिजली
- किसानों को 15,000 ₹ और खेतीहर मजदूरों को 12,000 ₹ की मदद
- 'चेयुता' के तहत पात्र लाभार्थियों को 4,000 रुपए सामाजिक पेंशन
- 10 लाख का स्वास्थ्य बीमा देने का वादा किया गया है।



#### नई राजस्व प्रणाली का वादा

कांग्रेस पार्टी ने एकीकृत भूमि प्रशासन पोर्टल 'धरणी' को खत्म करने और इसकी जगह एक नई राजस्व प्रणाली लाने का भी वादा किया है। वहीं, घोषणा पत्र में कहा गया है कि विद्या भरोसा कार्ड के तहत छात्रों को 5 लाख रुपए का वित्तीय सहायता कार्ड प्रदान किया जाएगा, जिसका उपयोग कॉलेज फीस (शुल्क प्रतिपूर्ति के अतिरिक्त) और अन्य शिक्षा संबंधी खर्चों के भुगतान में किया जा सकता है। सभी छात्रों को वाई-फाई सुविधाओं के माध्यम से मुफ्त इंटरनेट प्रदान किया जाएगा। पार्टी ने प्रत्येक ऑटो रिक्शा चालक को प्रतिवर्ष 12,000 रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करने का वादा करने के साथ ही लंबित यातायात चालान पर एकमुश्त समाधान योजना के माध्यम से 50 प्रतिशत छूट देने का भी वादा किया।

#### लिफ्ट परियोजना में भ्रष्टाचार की जांच होगी

घोषणापत्र में यह भी वादा किया गया है कि कालेश्वरम लिफ्ट सिंचाई परियोजना के निर्माण में अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की उच्च न्यायालय के किसी मौजूदा न्यायाधीश से न्यायिक जांच कराई जाएगी।

#### कैबिनेट की पहली बैठक में देंगे मंजूरी

खरगे ने कहा कि सभी छह गारंटियों को पहली कैबिनेट बैठक में पारित किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव पर कटाक्ष करते हुए कांग्रेस प्रमुख ने कहा, आज मैं चुनौती दे सकता हूं और कह सकता हूं कि मोदी और केसीआर मिलकर चाहें जो भी प्रयास कर लें कांग्रेस यकीनन सत्ता में आएगी। राव पर निशाना साधते हुए खरगे ने कहा कि मुख्यमंत्री कहते हैं कि वह रिटायर होने के लिए तैयार हैं और लोग भी उन्हें विदा करने के लिए तैयार हैं।

### शाह आज जारी करेंगे भाजपा का घोषणा पत्र

हैदराबाद। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह तेलंगाना विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा का चुनावी घोषणापत्र शनिवार को जारी करेंगे। पार्टी सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि शाह गडवाल, नलगोंडा और वारंगल में चुनावी रैलियों को भी संबोधित करेंगे। शाह सुबह दस बजे घोषणापत्र जारी करेंगे इसके बाद रैलियों को संबेधित करेंगे।

## जरूरी खबर

### भारत-ऑस्ट्रेलिया की '2 प्लस 2' वार्ता 20 को

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री पेनी वोंग और रक्षा मंत्री रिचर्ड मार्ल्स सोमवार को '2 प्लस 2' मंत्रिस्तरीय वार्ता में शामिल होने के लिए भारत की यात्रा पर आएंगे। वार्ता के दौरान दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को और मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किए जाने की संभावना है। ऐसा समझा जाता है कि मार्ल्स या वोंग या दोनों रविवार को गुजरात के अहमदाबाद में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच क्रिकेट विश्व कप का फाइनल मैच भी देख सकते हैं।

सूत्रों ने बताया कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और विदेश मंत्री एस जयशंकर सोमवार शाम दिल्ली में होने वाली '2 प्लस 2' वार्ता में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। वार्ता में समग्र रक्षा और सुरक्षा संबंधों को आगे बढ़ाने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक सहयोग को बढ़ावा देने पर व्यापक रूप से ध्यान केंद्रित करेंगे।

### गहरे दबाव का क्षेत्र चक्रवाती तूफान 'मिधिली' में बदला



**भुवनेश्वर।** बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना गहरे दबाव का क्षेत्र शुक्रवार को एक चक्रवाती तूफान में बदल गया और 80 किमी प्रति घंटे की अधिकतम रफ्तार के साथ इसके बांग्लादेश के तट पर पहुंचने से पहले सुंदरवन से गुजरने के आसार हैं। भारत मौसम विज्ञान विभाग के एक बुलेटिन कहा गया है कि चक्रवाती तूफान 'मिधिली' 18 नवंबर की सुबह तक बांग्लादेश तट को पार कर सकता है। बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना क्षेत्र शुक्रवार सुबह पांच बजकर 30 मिनट पर पारादीप (ओडिशा) से लगभग 190 किमी पूर्व, दीघा (प. बंगाल) से 200 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व केंद्रित था।

### ज्ञानवापी सर्वेक्षण : ASI ने 15 दिन का समय मांगा

**वाराणसी।** भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण ने ज्ञानवापी परिसर के वैज्ञानिक सर्वेक्षण की रिपोर्ट सौंपने के लिए अदालत से शुक्रवार को 15 दिन का और समय देने की मांग की। केंद्र सरकार के अधिवक्ता वकील अमित श्रीवास्तव ने बताया कि अदालत इस मामले की सुनवाई शुक्रवार दोपहर को करने वाली थी, लेकिन अब इसे शनिवार को सुनेगी। इससे पहले दो नवंबर को वाराणसी की अदालत ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के वैज्ञानिक सर्वे की रिपोर्ट सौंपने के लिए 17 नवंबर तक का समय दिया था।

## श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा



*वाराणसी। वाराणसी में संगम तट पर तुलसी घाट पर शुक्रवार को नाग नथिया उत्सव मनाया गया। इस अवसर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़ पड़े। उत्सव के दौरान भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव से लेकर उनके द्वारा किए गए पूतना वध, कंस वध, गोवर्धन पर्वत सहित कई लीलाओं का मंचन किया जाता है। एक माह पहले कृष्ण बलराम और राधिका चयन किया जाता है। -पीटीआई*

### PM मोदी व ऑस्ट्रेलियाई डिप्टी PM देखेंगे मैच

**अहमदाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलिया के उप प्रधानमंत्री रिचर्ड मार्ल्स रविवार को यहां भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले जाने वाले विश्व कप क्रिकेट फाइनल मैच को देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल ने मोटेरा के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाने वाले मैच की सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं की निगरानी के लिए शुक्रवार को गांधीनगर में एक उच्च स्तरीय बैठक की। मुख्यमंत्री पटेल ने शीर्ष अधिकारियों के साथ सुरक्षा और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा की। पुलिस अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को मैच के सुचारू संचालन के लिए किए गए विस्तृत इंतजामों के बारे में बताया, जिसमें मैदान, टीम, अति विशिष्ट व्यक्तियों को सुरक्षा प्रदान करने और यातायात प्रबंधन की देखभाल के लिए 4,500 कर्मियों की तैनाती शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि 'वीआईपी' आवाजाही के कारण आम लोगों को परेशानी न हो।

'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ' शिखर सम्मेलन

# जी-20 में 'ग्लोबल साउथ' की आवाज उठाने पर गर्व : मोदी

**एजेंसी** | नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि दूसरे 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ' शिखर सम्मेलन का संदेश यह है कि 'ग्लोबल साउथ' अपनी स्वायत्तता चाहता है और वैश्विक मामलों में बड़ी जिम्मेदारियां लेने के लिए तैयार है।

उन्होंने भारत की मेजबानी में आयोजित विकासशील देशों के दूसरे डिजिटल शिखर सम्मेलन के समापन सत्र में यह टिप्पणी की। शिखर सम्मेलन में करीब 130 देशों के नेताओं की भागीदारी के बारे में मोदी ने कहा कि 'वॉयस ऑफ ग्लोबल साउथ समिट' का संदेश यह है कि 'ग्लोबल साउथ' वैश्विक शासन में अपनी आवाज चाहता है। उन्होंने कहा कि भारत को जी20 जैसे मंच के एजेंडे में 'ग्लोबल साउथ' की आवाज उठाने का अवसर मिलने पर गर्व है।

मुझे विश्वास है कि ब्राजील की जी20 अध्यक्षता के दौरान ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं को आगे बढ़ाया जाएगा तथा इसे और मजबूत किया जाएगा। भारत 'ग्लोबल साउथ' के लिए काम करना जारी रखेगा।



### ये देश हैं ग्लोबल साउथ

'ग्लोबल साउथ' से तात्पर्य उन देशों से है जिन्हें अक्सर विकासशील, कम विकसित अथवा अविकसित देश के रूप में जाना जाता है, जो मुख्य रूप से अफ्रीका, एशिया और लातिन अमेरिका में स्थित हैं।

### एनईपी बन सकती है पथ-प्रदर्शक

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अकहा कि एनईपी ने हमारी शिक्षा और कौशल पारिस्थितिकी तंत्र में परिवर्तन को बढ़ावा दिया है और अपने अनुभव हम भागीदार देशों के साथ साझा करने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी देश सिर्फ अपने दम पर किसी समस्या का समाधान नहीं कर सकता या लक्ष्य हासिल नहीं कर सकता। हमें साझा आकांक्षाओं की दिशा में काम करना चाहिए, शिक्षा और कौशल विकास के दोहरे खंभों पर आधारित सामान्य रणनीतियां तैयार करनी चाहिए। इस संबंध में भारत का अनुभव उदाहरण के रूप में काम कर सकता है।

## बड़ा संकट पैदा कर सकती है 'डीपफेक'

**पीएम ने कहा, उन्होंने कभी गरबा नहीं किया पर वीडिया चल रहा है**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृत्रिम मेधा (एआई) और 'डीपफेक' प्रौद्योगिकी से उत्पन्न चुनौतियों को रेखांकित करते हुए शुक्रवार को मीडिया से आग्रह किया कि वे इन तकनीकों के कारण पैदा हुई चुनौतियों के बारे में लोगों को जागरुक और शिक्षित करें। यहां पार्टी मुख्यालय में भाजपा के 'दिवाली मिलन' कार्यक्रम में पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने गरबा महोत्सव में भाग लेते हुए अपना एक वीडियो देखा, जबकि उन्होंने स्कूल के दिनों से ऐसा नहीं किया है। उन्होंने मजाकिया लहजे में कहा, यहां तक कि जो लोग उन्हें प्यार करते हैं, वे भी वीडियो को एक दूसरे से साझा कर रहे हैं।उन्होंने कहा, हमारे जैसे विविधतापूर्ण समाज में 'डीपफेक' एक बड़ा संकट पैदा कर सकते हैं और यहां तक कि समाज में असंतोष की आग भी भड़का सकते हैं क्योंकि लोग मीडिया से जुड़ी किसी भी चीज पर उसी तरह भरोसा करते हैं जैसे आम तौर पर गेरुआ वस्त्र पहने व्यक्ति को सम्मान देते हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, कृत्रिम मेधा के माध्यम से उत्पादित 'डीप फेक' के कारण एक नया संकट उभर रहा है। समाज का एक बहुत बड़ा वर्ग है जिसके पास समानांतर सत्यापन प्रणाली नहीं है।' प्रधानमंत्री ने कहा कि पहले कुछ विवादास्पद टिप्पणियों वाली फिल्म आती थी और चली जाती थीं, लेकिन अब यह एक बड़ा मुद्दा बन गया है।

उन्होंने कहा कि जनता का यह विश्वास देश को 2047 तक विकसित बनाएगा। उन्होंने मीडिया से किन्हीं 10 शहरों को लेकर कार्यक्रम आयोजित करने का आग्रह किया।

J&K में सुरक्षा बलों का अभियान

## कुलगाम में मुठभेड़ में लश्कर के पांच आतंकी मारे गए

**एजेंसी** | श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ रातभर चली मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के पांच आतंकवादी मारे गये। कुलगाम जिले में 18 घंटे तक चली मुठभेड़ खत्म होने के बाद कश्मीर जोन के पुलिस महानिरीक्षक वी.के. बिरदी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि मारे गए आतंकवादियों के शव बरामद किए जा चुके हैं और इलाके में छानबीन की जा रही है। ड्रोन फुटेज के जरिए आतंकवादियों के शवों का पता लगाया गया। राजौरी में हुई एक अन्य मुठभेड़ में एक और आतंककारी मारा गया।

अधिकारियों ने बताया कि गुरुवार को इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद सुरक्षा बलों ने कुलगाम के नेहामा गांव में घेराबंदी की और तलाशी अभियान शुरू किया। आतंकवादियों ने सुरक्षाकर्मियों पर गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मौजूदगी वाले क्षेत्र के चारों ओर कड़ी घेराबंदी कर रखी थी, लेकिन रात के समय इस अभियान को रोकना पड़ा। रातभर शांति रहने के बाद शुक्रवार तड़के फिर गोलीबारी हुई। जिस घर में आतंकवादी छिपे हुए थे, उसमें शुक्रवार सुबह गोलीबारी के दौरान आग लग गई, जिससे आतंकवादियों को बाहर निकलना पड़ा।

मारे गए आतंकवादियों की पहचान समीर अहमद शेख (पीएएफएफ), यासिर बिलाल भट, दानिश अहमद ठोकर, हंजुल्ला याकूब शाह और उबैद अहमद पैडर (सभी टीआरएफ के सदस्य) के रूप में हुई है।

### गोपनीय सूचना पर चलाया गया अभियान

दक्षिण कश्मीर क्षेत्र के पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) रईस भट ने कहा कि समनो गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में गोपनीय सूचना पर यह अभियान चलाया गया था। मारे गए आतंकवादी सुरक्षा बलों पर हमले और नागरिकों पर अत्याचार सहित कई आतंकी गतिविधियों में शामिल थे।

## वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए तत्काल कदम उठाएं

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण ने कहा है कि जिन राज्यों में वायु गुणवत्ता सूचकांक खराब हुआ है, वहां तत्काल उपचारात्मक कदम उठाने के उसके पहले के निर्देश का पूरी तरह से पालन नहीं किया गया। विभिन्न राज्यों में प्रदूषण की स्थिति में विशेष सुधार नहीं होने पर असंतोष जताते हुए अधिकरण ने संबंधित अधिकारियों को अपने रुख की समीक्षा करने, वायु गुणवत्ता में सुधार के लिए पर्याप्त उपाय करने तथा कार्रवाई रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। एनजीटी ने इससे दिल्ली, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार और झारखंड आदि राज्यों के मुख्य सचिवों को नोटिस जारी किया था। उसने कहा था कि इन राज्यों के कुछ शहरों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 'गंभीर', 'बहुत खराब' और 'खराब' श्रेणी में हैं।



### ईडी ने जब्त की 72 करोड़ की संपत्ति

**नई दिल्ली।** ईडी ने शुक्रवार को कहा कि उसने उत्तर प्रदेश के पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी और उनके परिवार के सदस्यों की 72 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्ति जब्त की है। ईडी बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े धन शोधन मामले की जांच कर रही है।

### उत्तरकाशी: 130 घंटे से अटकी 40 सांसे



## एस्केप टनल के लिए 22 मीटर तक डाले पाइप

**उत्तरकाशी।** उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले में सिलक्यारा सुरंग के एक हिस्से के ढहने के कारण उसके अंदर पिछले 130 घंटों से अधिक समय से फंसे 40 श्रमिकों को बाहर निकालने के लिए 'एस्केप टनल' बनाने के लिए नई और शक्तिशाली अमेरिकी ऑगर मशीन ने शुक्रवार को मलबे को 22 मीटर तक भेद दिया। राष्ट्रीय राजमार्ग अवसंरचना विकास कारपोरेशन लिमिटेड के निदेशक अंशु मनीष खाल्को ने कहा कि मलबे में ड्रिलिंग कर छह मीटर लंबे चार पाइप डाल दिए गए हैं जबकि पांचवें पाइप को डालने की कार्रवाई जारी है।

चौथे पाइप का अंतिम दो मीटर हिस्सा बाहर रखा गया है जिससे पाचवें पाइप को ठीक तरह से जोड़कर उसे अंदर डाला जा सके। सुरंग में कुल 45 से 70 मीटर तक मलबा जमा है जिसमें ड्रिलिंग की जानी है।

हरियाणा सरकार को झटका

# प्रदेश के लोगों को निजी क्षेत्र में 75% आरक्षण रद्द

**एजेंसी** | चंडीगढ़

पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने हरियाणा राज्य के निवासियों को निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला राज्य सरकार का एक कानून शुक्रवार को रद्द कर दिया। उच्च न्यायालय के इस फैसले को राज्य सरकार के लिए एक झटका के तौर पर देखा जा रहा है।

यह फैसला न्यायाधीश जी एस संधावालिया और न्यायाधीश हरप्रीत कौर जीवन ने सुनाया। याचिकाकर्ताओं के वकीलों में शामिल वरिष्ठ अधिवक्ता अक्षय भान ने कहा कि पीठ ने पूरे अधिनियम को रद्द कर दिया। भान ने कहा कि याचिकाकर्ताओं ने यह दलील दी कि 'हरियाणा राज्य स्थानीय उम्मीदवारों का रोजगार अधिनियम, 2020' संविधान के अनुच्छेदों 14 और 19 का उल्लंघन करता है। अदालत के आदेश में कहा,हरियाणा राज्य स्थानीय उम्मीदवारों का रोजगार अधिनियम, 2020 को असंवैधानिक और भारत के संविधान के भाग तीन का उल्लंघन करने वाला ठहराया जाता है और यह लागू होने की तारीख से निष्प्रभावी होगा।




अदालत ने राज्य के अभ्यर्थियों को निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाले अधिनियम के क्रियान्वयन के खिलाफ कई याचिकाएं विचारार्थ स्वीकार की थीं। यह 15 जनवरी 2022 से प्रभावी हुआ था। इसमें अधिकतम 30,000 रुपए तक के कुल मासिक वेतन या भत्ता देने वाली नौकरियां शामिल थीं। हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने मार्च 2021 में हरियाणा राज्य स्थानीय उम्मीदवारों के रोजगार विधेयक को अपनी मंजूरी दी थी।

### औद्योगिक संघों ने किया था विरोध

फरीदाबाद इंडस्ट्रियल एसोसिएशन की ओर से पेश हुए वकील भान ने कहा कि कई औद्योगिक संघों ने कानून के खिलाफ अदालत का रुख किया है। भान ने दलील दी कि राज्य के पास इस कानून को लागू करने के लिए अनुच्छेद 35 के तहत विधायी क्षमता नहीं है।यह अधिनियम निजी क्षेत्र की कंपनियों, सोसाइटी, ट्रस्ट, लिमिटेड लाइबिलिटी पार्टनरशिप कंपनी, साझेदारी कंपनी और ऐसे किसी भी व्यक्ति पर लागू था, जिसने विनिर्माण, व्यवसाय चलाने या हरियाणा में कोई सेवा प्रदान करने के लिए वेतन, मजदूरी या अन्य पारिश्रमिक पर 10 या अधिक व्यक्तियों को नियोजित किया हो।

### जजपा का था चुनावी वादा

राज्य के मूल निवासी अभ्यर्थियों के लिए निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करना 2019 विधानसभा चुनावों के समय जननायक जनता पार्टी (जजपा) का एक प्रमुख चुनावी वादा था। चुनावों के बाद, जजपा ने भाजपा को समर्थन दिया और सरकार बनाई, क्योंकि भाजपा अपने दम पर बहुमत हासिल करने से चूक गई।

## लोक संगीत महोत्सव: मूर्ति शिल्प और बीकानेर की उस्ता कला का जीवंत प्रदर्शन

# पूंगी की तान पर भाया भवई नृत्य

**बेधड़क.जयपुर।** पद्मश्री अर्जुन प्रजापति की स्थापित मूर्तिशिल्प शैली और बीकानेर की उस्ता कला के जीवंत प्रदर्शन को 700 स्टूडेंट्स ने 3 घंटे तक अपलक निहारा। वहीं, भवई नृत्य के पर्याय रूप सिंह शेखावत के प्रयोगात्मक कथक आधारित भवई डांस और पूंगी की मधुर धुन के साथ गाए गीतों का जमकर लुत्फ उठाया। ये नजारा था शहर में आयोजित किए जा रहे 7 दिवसीय लोक संगीत महोत्सव 'धरती धोरां री'का, जहां सैकड़ों स्टूडेंट्स और जयपुराइट्स ने हिस्सा लिया। लोकोत्सव में कई प्रयोगात्मक प्रस्तुतियों से समां बांधा गया और शहर के संस्कृति प्रेमियों ने परंपरागत कलाओं के परिवर्तित होते रूपों को देखा व समझा। इन्फोसिस फाउंडेशन और भारतीय विद्या भवन की ओर से महाराणा प्रताप ऑडिटोरियम में हो रहे समारोह में कई अवॉर्डी कलाकारों ने परफॉर्म किया।







### रूपवादी मूर्तिशिल्प शैली की दी जानकारी

वर्कशॉप में युवा मूर्तिकार राजेन्द्र प्रजापति ने उनके पिता और गुरु पद्मश्री स्व. अर्जुन प्रजापति द्वारा स्थापित रूपवादी मूर्तिशिल्प शैली के बारे में स्टूडेंट्स को जानकारी दी। उन्होंने क्ले से रवींन्द्र नाथ टैगोर की मूर्ति बनाकर उसे मार्बल में कास्ट करने की तकनीक समझाई। कार्यशाला के बाद राजेन्द्र प्रजापति और नियाज उस्ता का शिक्षाविद जयश्री पेड़ीवाल ने सम्मान किया। इसके बाद नियाज उस्ता ने ऊंट की खाल से सुराही बनाकर उस पर चित्रकारी की।

### शाम को सजी संगीत और नृत्य की महफिल

समारोह के तहत शाम को ऑडिटोरियम में लोक संगीत और लोक नृत्य की महफिल सजाई गई। नृत्य गुरू रूप सिंह शेखावत ने कथक के जयपुर घराने की लय-ताल पर प्रयोगात्मक प्रस्तुति दी। इसके बाद उन्होंने परंपरागत अंदाज में ढूढाड़ी शैली में भवई नृत्य के मनभावन प्रदर्शन ने संस्कृति प्रेमियों का दिल जीत लिया। साथ ही दयाल राणा व साथी कलाकारों ने आदिवासी शैली के भवई नृत्य का प्रदर्शन किया। बाड़मेर के नीम्बाला गांव से आए तुही नाथ और साथी कलाकारों ने पूंगी की धुन के साथ राग भैरवी पर आधारित 2 राजस्थानी गीत उठ रै म्हारी चिड़कली और उड़ रै म्हारा पपैया सुनाया। अंत में चलगत धुन पर पूंगी (बीन) वादन किया, जिस पर रेखा देवी ने नृत्य किया। इससे पूर्व वरिष्ठ रंगकर्मी अशोक राही और भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी राजेन्द्र भाणावत ने संध्या का शुभारंभ किया।

### आज यह रहेंगे आकर्षण

भारतीय विद्या भवन के कार्यक्रम सचिव राजेन्द्र सिंह पायल ने बताया कि समारोह में शनिवार को वरिष्ठ तमाशा गुरु पं. वासुदेव भट्ट के निर्देशन में तमाशा शैली आधारित नाटक राजपूताना का मंचन किया जाएगा। इससे पूर्व दिन सुबह 10:30 बजे से मांडणा और पिछवाई कला पर आधारित वर्कशॉप में इन विधाओं के कलाकार प्रदर्शन करेंगे और व्याख्यान देंगे।

## साहित्यकार इकराम राजस्थानी को अणुव्रत लेखक पुरस्कार



**बेधड़क. जयपुर।** अणुव्रत विश्व भारती सोसायटी की ओर से मुंबई के नंदनवन में अणुव्रत आंदोलन के अमृत महोत्सव के अवसर कार्यक्रम में साहित्यकार इकराम राजस्थानी को अणुव्रत लेखक पुरस्कार दिया गया। संस्थान अध्यक्ष अविनाश नाहर ने बताया कि साम्प्रदायिक सौहार्द की मिसाल कायम करने के लिए राजस्थानी को इस सम्मान से नवाजा गया। अणुव्रत अनुशास्ता आचार्य महाश्रमण के सानिध्य में आयोजित समारोह में उनको अभिनन्दन पत्र, स्मृति चिन्ह आदि भेंट किए गए। इस मौके पर कवि सम्मेलन में-जुड़ा इस देश की माटी से मेरा नाम रहता है! ये धरती राम की है, इसमें ही 'इक राम' रहता है... भी सुनाया।

## रेलवे ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को किया सम्मानित



**बेधड़क. जयपुर।** उत्तर-पश्चिम रेलवे प्रधान कार्यालय में उत्तर-पश्चिम रेलवे की संरक्षा व कार्य समीक्षा बैठक के दौरान सुरक्षा के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पुरस्कृत किया गया। बैठक में सभी विभागों के विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे तो चारों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक व वीडियों कॉन्फ्रेस से जुड़े। बैठक में महाप्रबंधक अमिताभ ने उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी मंडलों पर रेल में सुरक्षित व संरक्षित संचालन के लिए दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान सर्दियों के समय में सुरक्षित रेल संचालन के लिए संरक्षा के लिए सभी स्तर के निरीक्षणों पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है। सम्मानित कर्मचारी मुबारिक हुसैन व रवि सांखला इस मौके पर उत्साहित नजर आए। महाप्रबंधक ने कहा, कि अच्छे कार्य करने वाले कर्मचारियों को तुरंत पुरस्कार व सम्मानित करने से अन्य कर्मचारियों को प्रोत्साहन मिलता है व अच्छा कार्य करने की प्रेरणा मिलती है।

## City इवेंट्स

### छपाक एग्जीबिशन: 6 कलाकारों ने 36 पेंटिंग्स में दिखाए कला के रंग



**बेधड़क. जयपुर।** पेंटिंग्स में कलाकारों ने कई रंग दिखाएं मौका था जवाहर कला केंद्र की सुकृति आर्ट गैलेरी में शुक्रवार से छपाक एग्जीबिशन का। छह कलाकारों ने अपनी पेटिंग्स डिस्प्ले की है और एक फोटोग्राफर सहित पांच आर्टिस्ट ने शामिल है। इसमें स्प्रिट ऑफ स्प्रिंग पेटिंग में गार्डन को पेंट किया गया है। इंसान के अलग-अलग मूड और एक्सप्रेशन को दिखाया गया है। चंद्रमा की अलग-अलग रूप भी दिखाए गए हैं। फैमिली बॉडिंग में एक नया तरीके की आर्ट देखने का अवसर भी यहां मिलेगा। दुख को बड़ी-बड़ी और बाहर निकली हुई आंखें से दर्शाया गया है। एग्जीबिशन का उद्घाटन आर्किटेक्ट अनूप भर्तियों ने किया। आर्टिस्ट अमिता राज गोयल, धमेंद्र राठौड़, जगदीश प्रसाद मीणा, महेश स्वामी, मनी भर्तियां और रंजन कुमार मलिक की 36 पेटिंग्स प्रदर्शित है।

### चुनावी मुद्दों पर बच्चे मीडिया के सामने रखेंगे अपने मन की बात

**बेधड़क. जयपुर।** राजस्थान में विधानसभा चुनाव को लेकर बच्चे भी राजनीतिक दलों को अपने सुझाव देंगे। डिजिटल बाल मेला के अभियान 'बच्चों की सरकार कैसी हो' के तहत पिंकसिटी प्रेस क्लब में बच्चे मीडिया के सामने मन की बात रखेंगे। इंटरनेशनल चिल्ड्रंस वीक के तहत होने वाले संवाद सत्र में बच्चों की ओर से तैयार किया गए घोषणा पत्र को रखा जाएगा। शनिवार दोपहर 12 बजे बच्चे पिंकसिटी प्रेस क्लब के कॉन्फ्रेंस हॉल में परिचर्चा में सरकार से अपनी उम्मीदें साझा करेंगे।

### मेधावी छात्रों को डिजिटल प्रमाण पत्र के साथ दी जाएगी छात्रवृत्ति

**बेधड़क. जयपुर।** युवाओं को 5 लाख रुपए की स्कॉलरशिप मिलेगी, जिससे उनको कॅरियर में आगे बढ़ने में आसानी होगी। इसके लिए ईटीएस इंडिया और एलन ग्लोबल स्टडीज डिवीजन ने छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की घोषणा की है। यह सहयोग छात्रवृति, पंजीकरण और एडवांस रिसर्च तैयारी सीखने के समर्थन जैसी कई पहल शुरू करने के लिए है। मेधावी छात्रों को डिजिटल प्रमाणपत्र के साथ छात्रवृत्ति दी जाएगी। इसके अलाव जीआरई और टीओईएफएल दोनों के लिए एक साथ पंजीकरण कराने वाले छात्रों को विशेष छूट दी जाएगी। साथ ही एक सह-ब्रांडेड 'वॉल ऑफ फेम' की सुविधा दी जाएगी और जीआरई और टीओईएफएल परीक्षण शुल्क पर छूट मिलेगी। इससे स्टूडेंट्स को फायदा होगा और मेधावी स्टूडेंट्स आगे निकलकर आएंगे।

## क्रिकेटर के विश्व कीर्तिमान को सलाम

## जयपुर वैक्स म्यूजियम में लगाया जाएगा विराट कोहली का पुतला




**बेधड़क | जयपुर**

सेमीफाइनल में भारत की जबरदस्त जीत और विराट कोहली के एक दिवसीय क्रिकेट में 50वें शतक के विश्व कीर्तिमान को सलाम करते हुए अब जयपुर वैक्स म्यूजियम में विराट कोहली का पुतला लगाया जाएगा।

नाहरगढ़ फोर्ट स्थित जयपुर वैक्स म्यूजियम में लगने वाले मोम के विराट कोहली की आदमकद मूर्ति यंगेस्टर्स को आकर्षित करेगी। जयपुर वैक्स म्यूजियम के फाउंडर डायरेक्टर अनूप श्रीवास्तव ने बताया कि काफी समय से पर्यटक कोहली के वैक्स स्टेच्यू की डिमांड कर रहे थे। अब इससे अच्छा अवसर क्या होगा कि जब कोहली विश्व क्रिकेट में उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं। साथ ही भारत भी फिर से विश्व कप चैंपियंस की ट्रॉफी के करीब है। पुतले का फर्स्ट लुक यानि मिट्टी का मॉडल बनकर तैयार है और एक महीने में पुतला म्यूजियम में स्थापित हो जाएगा।

चूंकि, विराट की छवि एक आक्रामक क्रिकेटर की है और इसलिए स्टेच्यू के लिए भी आक्रामक रूप को ही चुना गया है। विराट को मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर के साथ लगाया जाएगा।

## छठे दिन 200 करोड़ के क्लब में शामिल

## सलमान खान की टाइगर थ्री की कमाई में लगातार गिरावट



**बेधड़क | जयपुर**

सलमान खान की हालिया रिलीज फिल्म टाइगर थ्री की कमाई में लगातार गिरावट जारी है। फिल्म ने छठे दिन मात्र 13 करोड़ (अर्ली इस्टीमेट) का कलेक्शन बॉक्स ऑफिस पर किया है। हालांकि, फिल्म ने भारत में सभी भाषाओं में कुल 201 करोड़ रुपए का नेट कारोबार कर लिया है। बात करें डे वाइज कलेक्शन की तो फिल्म ने 44 करोड़ 50 लाख रुपए के साथ भारत में ओपनिंग की थी। इसमें से 43 करोड़ अकेले हिन्दी वर्जन से थे। साउथ में फिल्म को खास रेसपांस नहीं मिला। वहां ओपनिंग डे पर तेलुगू में 1 करोड़ 30 लाख और तमिल में 20 लाख रुपए का कलेक्शन ही टाइगर थ्री कर पाई। दूसरे दिन फिल्म की कमाई में बड़ा उछाल आया और 59 करोड़ 25 लाख रुपए की कमाई की। वहीं तीसरे दिन की बात करें तो फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 44 करोड़ 30 लाख रुपए का बिजनेस किया। सेकनिल्क के अनुसार चौथे दिन फिल्म की कमाई में गिरावट आई और मात्र 21 करोड़ 10 लाख रुपए का कलेक्शन आया। यह गिरावट पांचवें और छठे दिन भी जारी रही। दोनों दिनों में मूवी ने क्रमशः 18 करोड़ 50 लाख और 13 करोड़ की कमाई की।

**वेलकम आर्ट गैलरी** | आईटीसी राजपूताना में 20 तक लगेगी एग्जीबिशन

# फोटो उत्सव में झलकी पिंकसिटी की ऐतिहासिक संस्कृति

**बेधड़क | जयपुर**

दीप फेस्ट के बाद जब फोटो फेस्ट की बात आई तो कैमरों के क्लिक से गुलाबी नगरी की खूबसूरती और निखकर सामने आई और जयपुराइट्स के साथ फोटोग्राफर्स ने फोटो उत्सव मनाया। ये अनूठा आयोजन जयपुर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर राजस्थान फोटो फेस्टिवल के तहत जयपुर हेरिटेज फोटो एग्जिबिशन का है, जो आईटीसी राजपूताना में शुरू हुआ है। एग्जीबिशन का आयोजन होटल की वेलकम आर्ट गैलरी में 20 नवंबर तक होगा।



### हर रूप में दिख रहा जयपुर

यहां पुराने और नए जयपुर की तस्वीरें देखने को मिल रही हैं। फोटोग्राफर्स ने पुराने ब्लैक एंड वाइट तस्वीरें और नए जयपुर की तस्वीरें प्रस्तुत की हैं। मॉन्यूमेंट, वॉल सिटी, मंदिर, कल्चर आदि को तस्वीरों में दिखाया गया है।

### 70 पार्टिसिपेंट्स ले रहे हैं भाग

एग्जीबिशन में 70 पार्टिसिपेंट्स भाग ले रहे हैं, जिसमें 20 जर्नलिस्ट हैं। समापन 20 नवंबर को होगा और इस दौरान सभी पार्टिसिपेंट का सम्मान किया जाएगा। प्रवेश निःशुल्क है, जिससे ज्यादा से ज्यादा फोटो लवर्स जानकारी ले सकते हैं।

### टूरिज्म को कर रहे प्रमोट

कार्यक्रम संरक्षक रेणुका कुमावत ने बताया कि जयपुर स्थापना दिवस पर जयपुर के कल्चर को सभी तक पहुंचाना और दिखाना जरूरी है। यूथ और आम लोगों तक जयपुर की खूबसूरत सुंदर तस्वीरों के जरिए दिखाया जाए और जयपुर के टूरिज्म को प्रमोट किया जा रहा है। यहां स्टूडेंट्स वाइल्ड लाइफ, प्रोफेशनल फेटोग्राफर और राजस्थान के प्रशासनिक अधिकारी भाग ले रहे हैं।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25
न्यूज़ बेधड़क
सच बेधड़क
जयपुर, शनिवार, 18 नवंबर, 2023




दूसरों की खुशी देखकर आनंदित होना भी स्वस्थ मन की पहचान है।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## वर्ल्ड कप 2023: दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियम में फाइनल मुकाबला कल



*अहमदाबाद। वर्ल्ड कप-2023 का फाइनल मुकाबला रविवार को दुनिया के सबसे बड़े अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत और ऑस्ट्रेलिया के खिताबी मैच को देखने के लिए एक लाख से ज्यादा दर्शक स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। दोपहर डेढ़ बजे टॉस होगा और दो बजे से मैच शुरू होगा। टॉस से पहले वर्ल्ड कप 2023 की क्लोजिंग सेरेमनी भी होगी।*

### एपेक सम्मेलन में बोले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन

# हमारा मकसद चीन के साथ संबंधों को जिम्मेदारी से संभालना है: अमेरिका

**एजेंसी** | सैन फ्रांसिस्को

चीन के राष्ट्रपति शी जिनफिंग के साथ बैठक के एक दिन बाद अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि उनका इरादा चीन के साथ संबंधों को जिम्मेदारी से संभालना है। बाइडेन ने एशिया प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपेक) के मुख्यकार्यकारी अधिकारियों के शिखर सम्मेलन में कहा कि मेरा इरादा अमेरिका और चीन के बीच प्रतिस्पर्धा को जिम्मेदारी से संभालना हैं, इसके बारे में मेरे और शी के बीच संक्षिप्त चर्चा हुई थी। पूरी दुनिया हमसे यही उम्मीद रख रही है और मेरा आपसे वादा है कि यह करेंगे।

इससे एक दिन पहले अमेरिका और चीन के राष्ट्रपतियों के बीच चार घंटे से भी अधिक समय तक द्विपक्षीय बातचीत हुई थी। उन्होंने कहा कि मैंने कल शी से मुलाकात की और इसका मकसद यह सुनिश्चित करना था कि हमारे बीच किसी प्रकार की गलतफहमी नहीं हो। मैंने उनसे दुनिया के किसी भी नेता से अधिक मुलाकात की है क्योंकि जब मैं उपराष्ट्रपति था तब मुझ पर उनके बारे में और जानने समझने की जिम्मेदारी थी...। अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा कि शी के साथ उनकी चर्चा हमेशा स्पष्ट और रचनात्मक रही है।

बाइडेन ने कहा कि इससे पहले हमारे बीच 68 घंटे की निजी बैठकें हुईं... मैंने राष्ट्रपति शी से पुनः जोर देकर कहा कि अमेरिका संघर्ष नहीं चाहता और कल हमने सेन से सेना के बीच संचार चैनलों को फिर से शुरू करने की घोषणा की ताकि दुर्योग से गलत आकलन करने के जोखिम को कम किया जा सके। बाइडेन ने कहा कि हमने अपने राष्ट्रीय सुरक्षा हितों की रक्षा के लिए भी लक्षित कार्रवाई की है। हम अपने मूल्यों और अपने हितों के प्रति दृढ़ रहेंगे। उन्होंने कहा कि अमेरिका के एपेक अर्थव्यवस्थाओं के साथ गहरे संबंध हैं।



### अमेरिका बना रहेगा प्रशांत क्षेत्र में शक्तिशाली

बाइडेन ने कहा कि अमेरिका प्रशांत क्षेत्र में शक्तिशाली बना रहेगा। उन्होंने कहा कि मेरी राष्ट्रपति शी के साथ संक्षिप्त बातचीत हुई और मैंने उन्हें याद दिलाया कि हमारी प्रशांत क्षेत्र में इतनी दिलचस्पी क्यों है, क्योंकि हम प्रशांत देश हैं और हमारे कारण क्षेत्र में शांति और सुरक्षा है और जिसके कारण आप आगे बढ़ रहे हैं। वह इससे असहमत नहीं हुए।

### पुतिन के फैसले पर समर्थन जुटाने का प्रयास

# रूस ने रक्षा बजट में किया 25 फीसदी का इजाफा

**एजेंसी** | मॉस्को

रूस की संसद के निचले सदन स्टेट ड्यूमा ने अपने अब तक के सबसे बड़े संघीय बजट को शुक्रवार को मंजूरी दे दी। इससे 2024 में खर्च में करीब 25 प्रतिशत की वृद्धि होगी। इसमें से रिकॉर्ड राशि रक्षा क्षेत्र के लिए आवंटित की जाएगी। आधुनिक रूसी इतिहास में पहली बार रक्षा खर्च अगले साल सामाजिक खर्च से अधिक होने की उम्मीद है।

यह कदम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि मार्च में देश में राष्ट्रपति चुनाव होने की संभावना है और क्रेमलिन (राष्ट्रपति आवास) राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए समर्थन जुटाने में लगा है। विश्लेषकों का कहना है कि बेरोजगारी के रिकॉर्ड स्तर के बीच ऊंची मजदूरी तथा लक्षित सामाजिक खर्च से क्रेमलिन को युद्धस्तर पर अर्थव्यवस्था को घरेलू प्रभाव से बाहर निकालने में मदद मिलेगी, लेकिन दीर्घावधि में इससे समस्या हो सकती है।

स्टेट ड्यूमा के अध्यक्ष व्याचेस्लाव वोलोडिन ने कहा कि बजट विशेष रूप से सेना को वित्त पोषित करने और रूस पर '17,500 प्रतिबंधों' के प्रभाव को कम करने के लिए तैयार किया गया है। रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' के अनुसार, स्टेट ड्यूमा के फर्स्ट डिप्टी चेयरमैन अलेक्जेंडर जुकोव ने कहा कि इन कठिन परिस्थितियों में हम एक ऐसा बजट अपनाने में कामयाब रहे हैं जो न केवल हमारे देश की रक्षा के लिए आवश्यक धन आवंटित करेगा, बल्कि यह देश के सामाजिक दायित्वों की गारंटी के लिए भी आवश्यक कोष प्रदान करेगा।





### कम्युनिस्ट पार्टी ने बजट के खिलाफ किया मतदान

रूसी कम्युनिस्ट पार्टी ने बजट के खिलाफ मतदान किया। पार्टी ने बजट में पेंशन मद में कम राशि आवंटित करने और बुजुर्गों के लिए पर्याप्त वित्तीय सहायता का अभाव होने को लेकर इसकी आलोचना की। स्वतंत्र पत्रकार फरीदा रूस्तामोवा और माकसिम तोवकायलो ने अपने टेलीग्राम चैनल पर कहा कि 2024 में संघीय व्यय का करीब 39 प्रतिशत रक्षा एवं कानून प्रवर्तन के मद में आवंटित किया जाएगा।

### कार्यवाहक वित्त मंत्री ने कहा- आईएमएफ से लेना होगा अधिक लोन

# पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था अब भी नाजुक

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान की कार्यवाहक वित्त मंत्री शमशाद अख्तर ने कहा कि सुधार के बावजूद पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था नाजुक बनी हुई है और नकदी संकट से जूझ रहे देश को कुछ समय के लिए आईएमएफ से अधिक ऋण लेना होगा।

समाचार पत्र 'डॉन' में की खबर के अनुसार, अख्तर ने इस बात पर भी जोर दिया कि पाकिस्तान को अपनी अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए बड़े वित्त सुधार करने की जरूरत है। अख्तर ने कहा कि अगला अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) कार्यक्रम बेहद जरूरी है, क्योंकि अर्थव्यवस्था में स्थिरता आई है, लेकिन यह अब भी बहुत नाजुक है। जब तक हम निर्यात तथा घरेलू संसाधनों को बढ़ाने में सक्षम नहीं हो जाते, हमें एक और कार्यक्रम की आवश्यकता होगी।

उन्होंने यह टिप्पणी पाकिस्तान सरकार और आईएमएफ द्वारा कर्मचारी स्तर के समझौते के साथ जारी तीन अरब अमेरिकी डॉलर के 'स्टैंड-बाय' समझौते की समीक्षा के समापन के एक दिन बाद की। इस समझौते से पाकिस्तान को दूसरी किश्त में 70 करोड़ अमेरिकी डॉलर मिलने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। उन्होंने कहा कि दीर्घकालिक सुधारों के अलावा अब कोई और विकल्प नहीं है। अख्तर ने कहा कि देश इसके बिना नहीं बचेगा।

## म्यांमार के उत्तर पूर्व हिस्से में भूकंप के झटके

**बैंकॉक।** म्यांमार के उत्तर पूर्व हिस्से में शुक्रवार सुबह मध्यम दर्जे के भूकंप के झटके महसूस किए गए। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार भूकंप की तीव्रता 5.7 थी और इसका केंद्र शान राज्य के केंग तुंग शहर से लगभग 76 किमी दक्षिण पश्चिम में 10 किमी की गहराई पर था।

## 'योनो ग्लोबल' एप पेश करेगा एसबीआई

**एजेंसी** | सिंगापुर

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) जल्द ही सिंगापुर और अमेरिका में अपनी बैंकिंग मोबाइल एप 'योनो ग्लोबल' पेश करेगा, जो उसके ग्राहकों को कई सेवाएं उपलब्ध कराएगा।

डिप्टी एमडी (आईटी) विद्या कृष्णन ने सिंगापुर फिनटेक महोत्सव (एसएफएफ) से इतर 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि हम सर्वोत्तम उपलब्ध सेवाएं प्रदान करने के लिए 'योनो ग्लोबल' में निवेश करना जारी रख रहे हैं। हम अपने ग्राहकों को बेहतर अनुभव देना चाहते हैं।

कृष्णन ने सिंगापुर स्थित डिजिटल मंच समर्थकों के साथ-साथ स्थानीय नियामक तथा केंद्रीय बैंक, सिंगापुर के मौद्रिक प्राधिकरण (एमएएस) के साथ भी बातचीत की। उन्होंने कहा कि सिंगापुर में भारतीय प्रवासियों की बड़ी संख्या को देखते हुए भारत और सिंगापुर के बीच सेवाओं पर लगातार काम कर रहे हैं। एसबीआई वर्तमान में नौ देशों में 'योनो ग्लोबल' सेवाएं प्रदान करता है। इसकी शुरुआत सितंबर 2019 में ब्रिटेन से की गई थी। एसबीआई की विदेशी परिचालन की 'बैलेंस शीट' करीब 78 अरब अमेरिकी डॉलर की है। सिंगापुर में एसबीआई अपने 'योनो ग्लोबल' एप को 'पे-नाउ' के साथ मिलकर पेश करेगा।

### टाइम पत्रिका ने जारी की सूची

# 'टाइम 100 जलवायु' सूची में 8 भारतीय

**एजेंसी** | न्यूयॉर्क

टाइम पत्रिका की जलवायु के क्षेत्र में योगदान को लेकर दुनिया के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची में आठ भारतीय और भारतीय मूल के नागरिक (पीआईओ) जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। इनमें विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा और ओला इलेक्ट्रिक के सह-संस्थापक भाविश अग्रवाल भी शामिल हैं।

'टाइम 100 जलवायु' सूची में दुनियाभर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ), संस्थापक, परोपकारी, संगीतकार, नीति निर्माता और सरकारी अधिकारी शामिल हैं। यह सूची संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में 30 नवंबर से शुरू हो रहे संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन से पहले जारी हुई है।




### विश्व बैंक के अध्यक्ष बंगा भी शामिल

सूची में विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा और ओला इलेक्ट्रिक के सह-संस्थापक भाविश अग्रवाल के अलावा द रॉकफेलर फाउंडेशन के अध्यक्ष राजीव जे शाह, बोस्टन कॉमन एसेट मैनेजमेंट की संस्थापक और अध्यक्ष गीता अय्यर, अमेरिकी ऊर्जा विभाग ऋण कार्यक्रम कार्यालय के निदेशक जिगर शाह, हस्क पावर सिस्टम्स के सीईओ और सह-संस्थापक मनोज सिन्हा, कैसर परमानेंट के लिए पर्यावरण प्रबंधन की कार्यकारी निदेशक सीमा वाधवा और महिंद्रा लाइफस्पेसेज के प्रबंध निदेशक (एमडी) और सीईओ अमित कुमार सिन्हा भी शामिल हैं।



### गरीबी उन्मूलन के नए मिशन की शुरुआत

टाइम ने बयान में कहा कि जून में विश्व बैंक के अध्यक्ष बने बंगा (64) संस्था के लिए जलवायु परिवर्तन से लड़ते हुए गरीबी उन्मूलन के एक नए मिशन की शुरुआत कर रहे हैं। बंगा ने मोरक्को में 2023 की विश्व बैंक समूह-आईएमएफ की वार्षिक बैठक में कहा था कि यदि आप सांस नहीं ले सकते और साफ पानी नहीं पी सकते तो गरीबी मिटाने का कोई मतलब नहीं है।






सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl